# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 18 मई 2024




# प्राइवेट छात्र भी दो बार दिलाएंगे पर्चे, वार्षिक प्रणाली पूरी तरह समाप्त, सेमेस्टर पद्धति होगी लागू

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर मसौदा लगभग तैयार हो चुका है। कमेटियों ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। उच्च स्तर पर मंजूरी मिलने के साथ ही इससे जुड़े बिंदु और दिशा-निर्देशों को सार्वजनिक कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सबसे महत्वपूर्ण बदलावों में से एक वार्षिक पद्धति से होने वाली परीक्षाओं को बंद कर उसके स्थान पर सेमेस्टर पद्धति से परीक्षा कराया जाना है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह व्यवस्था केवल नियमित छात्रों के लिए ना होकर प्राइवेट छात्रों के लिए भी होगी, अर्थात प्राइवेट परीक्षा दिलाने वाले छात्रों को भी साल में दो बार परीक्षा दिलानी होगी।


वार्षिक परीक्षा पद्धति को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। किसी भी स्तर पर वार्षिक पद्धति से परीक्षा नहीं होगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से ही नया नियम लागू कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने की घोषणा के बाद उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सिलेबस तथा अन्य नियमों के निर्धारण के लिए पृथक-पृथक कमेटियां बनाई गई थी। इन कमेटियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मसौदों के अनुरूप छग के संदर्भ में प्रस्ताव तैयार करने निर्देश दिए गए थे।

## केवल प्रथम वर्ष में लागू होगी नई नीति, इसके बाद क्रमशः विस्तार

### यह आखिरी बैच

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में जिन प्राइवेट छात्रों ने परीक्षा दिलाई है, उनकी आगे की परीक्षाएं भी वार्षिक पद्धति से ही होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधित प्रत्येक नियम सत्र 2024-25 में केवल प्रथम वर्ष के छात्रों पर लागू होगी। जैसे-जैसे यह बैच आगे बढ़ता जाएगा, वैसे-वैसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रमशः द्वितीय और तृतीय वर्ष में लागू होगी। इस तरह से आगे आने वाले दो वर्षों तक विश्वविद्यालयों को सेमेस्टर और वार्षिक दोनों ही पद्धतियों से परीक्षाएं लेनी होगी। महाविद्यालयों में भी आने वाले दो सत्रों तक वार्षिक और सेमेस्टर दोनों पद्धति से कक्षाएं संचालित होंगी।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत व्यवस्था, आदेश नया सत्र प्रारंभ होने के पूर्व
- बाद में यह नीति द्वितीय और तृतीय वर्ष में लागू होगी



### प्राइवेट छात्रों को भी सर्टिफिकेट और डिप्लोमा

नियमित छात्रों को बीच में पढ़ाई छोड़े जाने की स्थिति में उनकी अध्ययन अवधि के आधार पर सर्टिफिकेट, डिप्लोमा तथा डिग्री देने का प्रावधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति में किया गया है। बड़ी संख्या में ऐसे प्राइवेट छात्र होते हैं, जो एक-दो वर्षों की परीक्षा दिलाकर पढ़ाई छोड़ देते हैं। ऐसे में प्राइवेट छात्रों को भी उनकी अध्ययन अवधि के आधार पर सर्टिफिकेट, डिप्लोमा तथा डिग्री देने के संबंध में विचार किया जा रहा है।




### INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

लखनऊ 214/6 Vs मुंबई 196/6

18 रन से जीती लखनऊ

75 रन : निकोलस पूरन
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

चेन्नई Vs बेंगलोर

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### स्कूल में मिला बालक का शव, भीड़ ने लगाई आग



**पटना।** पटना शहर के दीघा इलाके में शुक्रवार को एक निजी स्कूल के परिसर से चार वर्षीय एक छात्र का शव बरामद होने के बाद आक्रोशित भीड़ ने स्कूल में आग लगा दी। पटना पुलिस के मुताबिक, दीघा से एक बालक के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई थी।

### बंगाल के कूच बिहार में टीएमसी नेता को गोली मारी



**कूच बिहार।** पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता को गोली मार दी गई। अस्पताल में भर्ती टीएमसी नेता की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि सीतलकूची के लालबाजार के पंचायत प्रधान अनिमेष रॉय बृहस्पतिवार रात को एक सहयोगी के साथ घर लौट रहे थे।

### फरार पुलिसकर्मी के घर से एक करोड़ व सोना जब्त



**संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के बीड जिले में पुलिस ने भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी एक पुलिसकर्मी के घर से 1.08 करोड़ रुपये नकद और 72 लाख रुपये का सोना तथा आभूषण जब्त किए हैं। पुलिस निरीक्षक हरिभाऊ खाड़े (52) को 15 मई को भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी बनाया गया था और उसके बाद से ही वह फरार हैं।

## आप का बड़ा आरोप, कहा- भाजपा ने मालीवाल को भेजा था सीएम हाउस

# स्वाति के पेट पर लात कैसी मारी, पुलिस ने सीएम हाउस में किया सीन रीक्रिएट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल से सीएम आवास पर मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मालीवाल से बदसलूकी मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर दिल्ली पुलिस की टीम व फॉरेंसिक टीम स्वाति मालीवाल को लेकर पहुंची। दिल्ली पुलिस ने स्वाति मालीवाल के साथ सीएम हाउस पर क्राइम सीन रिक्रिएट किया। एंट्री प्वाइंट से लेकर ड्राइंग रूम तक पुलिस की टीम सीएम हाउस के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल सकती है ताकि बदसलूकी मामले में और साक्ष्य इकट्ठे किए जा सकें। वहीं पुलिस द्वारा स्वाति की कराई गई मेडिकल जांच में उनके चेहरे व शरीर में अंदरूनी चोट आने की बात कही गई है।*

बता दें कि सोमवार 13 मई को स्वाति मालीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने के लिए सीएम हाउस पहुंची थीं। आरोपों के मुताबिक वहां पर अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार ने उनके साथ बदसलूकी की। इस संबंध में उन्होंने पुलिस को कॉल भी की थी। बाद में 16 मई को स्वाति मालीवाल के घर दिल्ली पुलिस की टीम पहुंची और उनका बयान लिया। स्वाति मालीवाल की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

इस मामले में पुलिस ने चार घंटों तक मालीवाल से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, केजरीवाल के यहां जिस कंपनी के सीसीटीवी लगे हैं उन्हें चिट्ठी लिखकर फुटेज लिया जाएगा। पुलिस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस घटना में शामिल हर शख्स की भूमिका की जांच होगी।

### बिभव कुमार राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष नहीं हुए पेश

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ कथित बदसलूकी के सिलसिले में शुक्रवार को राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष पेश नहीं हुए। एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा ने कहा कि कुमार की पत्नी ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया। मेरी टीम आज फिर पुलिस के साथ उनके आवास पर गई और अगर वह कल तक पेश नहीं होते हैं, तो हम पूछताछ करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जाएंगे।

### मेडिकल रिपोर्ट में बताई गईं स्वाति के चेहरे व शरीर में अंदरूनी चोटें

### पुलिस खंगालेगी वो तमाम सीसीटीवी कैमरे जिनमें नजर आ रहीं हैं स्वाति



### सीन रिक्रिएशन से समझा गया पूरा घटनाक्रम

स्वाति मालीवाल से बदसलूकी केस में दिल्ली पुलिस ने सीएम आवास में सीन रीक्रिएट किया गया। दिल्ली पुलिस ने यह देखा कि कहां पर सोफा था। जिस पर स्वाति मालीवाल बैठी थीं। वहां से कितनी दूरी पर टेबल था। आरोपी बिभव कहां से आए थे। किस जगह पर मारपीट हुई। कैसे मारा और कैसे धक्का दिया गया। मालीवाल ने जिन जगहों के बारे में बताया वहां से फॉरेंसिक टीम ने सैंपल भी लिए और स्टॉफ से पूछताछ भी की।

### स्वाति भाजपा की मोहरा

आप नेता आतिशी ने कहा कि, 'जबसे अरविंद केजरीवाल को बेल मिली है, तब से बीजेपी बौखलाई हुई है। इसी बौखलाहट के चलते साजिश के तहत स्वाति मालीवाल को सीएम आवास भेजा गया। उनका इरादा सीएम केजरीवाल को फंसाने का था, वह नहीं थे, इसलिए विभव कुमार पर आरोप लगाया।

### एफआईआर में स्वाति ने ये लिखवाया

सांसद स्वाति मालीवाल ने अपनी एफआईआर में यह भी बताया कि जब में सीएम से मिलने बैठी थी तभी बिभव ने विवाद करते हुए मुझे 7-8 झापड़ मारे जिससे मैं नीचे गिर गई। बिभव ने अपने पैरों से मेरी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्से पर लात मारी तथा भद्दी-भद्दी गालियां दीं। हमले के बाद से उनके गले, सिर, पेट और बांह में दर्द है। मैं लगातार मदद के लिए चिल्लाती रही मगर वह हमला करते रहा।

### फॉरेंसिक टीम ने की जांच

फॉरेंसिक टीम ने 13 मई की सुबह तैनात सीएम के सुरक्षाकर्मियों के बारे में जांच की। उस समय मौके पर कौन-कौन मौजूद था, यह पता लगाया जा रहा है ताकि उनके ऑन रिकॉर्ड बयान दर्ज किए जा सकें।

स्कार्पियो में सवार 12 लोग हुए घायल

# भाटापारा में चारपहिया-बाइक की टक्कर में तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/भाटापारा

मोटरसाइकिल एवं चारपहिया वाहन की बीती खमरिया-अर्जुनी के बीच टक्कर होने से तीन लोगों की मौत हो गई। स्कार्पियो में सवार 12 लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि स्कार्पियो सवार खैरताल में शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। बाइक में सवार लोग अंबिकापुर ट्रेन पकड़ने भाटापारा स्टेशन जा रहे थे। मामला भाटापारा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 16 मई की रात अंबिकापुर ट्रेन के माध्यम से जाने के लिए अशरफ खान, इस्लामुद्दीन और गुलाम मोईनुद्दीन तीनों मोटर साइकिल स्प्लेंडर सीजी 22 जी 9422 से भाटापारा रेलवे स्टेशन जा रहे थे। इसी बीच रात 10.30 बजे लगभग ग्राम खमरिया एवं ग्राम अर्जुनी के बीच स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 04 पीएच 5218 द्वारा लापरवाहीपूर्वक एवं तेज गति ▶▶| शेष पेज 6 पर



*शादी समारोह में शामिल होकर अंबिकापुर जानेस्टेशन जा रहे थे*

### मृतकों के नाम

- गुलाम मोईनुद्दीन पिता नईम खान उम्र 32 वर्ष निवासी नयापारा बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
- शेख इस्लामुद्दीन पिता शेख अमीरुद्दीन उम्र 42 वर्ष निवासी नयापारा बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
- अशरफ खान पिता अनवर खान उम्र 38 वर्ष निवासी नवापारा बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली

डिप्टी रेंजर और मानचित्रकार भी घूस के साथ धरे गए

# सीमांकन के लिए एक लाख की रिश्वत, आरआई पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

एसीबी की टीम ने तहसील कार्यालय में आरआई सीमांकन के एवज 1 लाख रुपए घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा। एसीबी की टीम ने आरआई को हिरासत में लेकर तहसील कार्यालय में ही पांच घंटे तक पूछताछ की। इस बीच कार्यालय में हड़कंप मचा रहा। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रायगढ़ में 5 हजार रुपए घूस लेते डिप्टी रेंजर को व अंबिकापुर में 35 हजार रुपए की घूस लेते मानचित्रकार को पकड़ा है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### अंबिकापुर में 35 हजार रिश्वत लेते सहायक संचालक व मानचित्रकार गिरफ्तार

एंटी करप्शन ब्यूरो ने अंबिकापुर में नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय के सहायक संचालक व मानचित्रकार को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी द्वारा औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि डायवर्सन के नाम पर रिश्वत की मांग की गई थी। प्रार्थी ने एसीबी से शिकायत की थी। मोमिनपुरा निवासी वसीम ▶▶| शेष पेज 6 पर

### जल संसाधन का ईई 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया

**कोण्डागांव।** जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता टी. आर मेश्राम को शुक्रवार को 50 हजार की रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा है। शासकीय निवास पर एंटी करप्शन ब्यूरो जगदलपुर की टीम ने छापेमार कार्रवाई की है। कार्यपालन अभियंता के ऊपर सप्लीमेंट्री कार्य के लिए ठेकेदार से रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। ठेकेदार तुषार देवांगन की ▶▶| शेष पेज 6 पर

# सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के 23 साल बाद फिर अध्यक्ष बने



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने 23 साल बाद सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया है। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को भारी मतों से हराकर एससीबीए के अध्यक्ष चुने गए हैं। इससे पहले वह 1995, 1997 और 2001 में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। चुनाव में सिब्बल को कुल 2350 में से 1066 वोट मिले हैं।








# हरिभूमि रण भूमि
## लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



*देश के राजनीतिक इतिहास में इंदिरा गांधी के अलावा कोई भी प्रधानमंत्री लोकसभा चुनाव नहीं हारा। इंदिरा गांधी 1977 में आपातकाल के बाद हुए लोकसभा चुनाव में अपनी रायबरेली सीट से जनता पार्टी के उम्मीदवार राजनारायण से हार गई थीं। इस चुनाव में बिहार और उत्तर प्रदेश से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। तब उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 85 सीट थी और बिहार में 54 सीट।*

# लोकसभा चुनाव हारने वाली अकेली प्रधानमंत्री हैं इंदिरा गांधी

## 1977 में आपातकाल के बाद हुए चुनाव में मिली थी रायबरेली से शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दरअसल जून 1975 में राजनारायण की ही याचिका पर इलाहबाद हाईकोर्ट ने 1971 के रायबरेली से इंदिरा गांधी के लोकसभा निर्वाचन को रद्द कर दिया था। उसके बाद ही 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा की थी। रायबरेली से प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 1977 में हराने के कारण राजनारायण उस दौर के नायक बन गए थे। उनका नारा था- पहले हराया कोर्ट से, फिर हराया वोट से।

### पीएम रहते इनका हुआ निधन

इससे पहले जवाहर लाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री, दोनों का ही प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए निधन हुआ था। इंदिरा गांधी की हार के बाद मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। वे सूरत से लोकसभा सदस्य थे। लेकिन अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले ही उन्हें 1979 में इस्तीफा देना पड़ा था। उनके बाद चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री रहते बागपत से लोकसभा चुनाव लड़ा और जीते।

### 1984 में हुई थी हत्या



इंदिरा गांधी वैसे तो 1978 में जनता पार्टी के शासन में ही कर्नाटक की चिकमगलूर सीट से लोकसभा उपचुनाव जीत गई थीं। लेकिन 1980 में जब वे फिर प्रधानमंत्री बनीं तो आंध्र प्रदेश की मेडक और उत्तर प्रदेश की रायबरेली दोनों सीटों से चुनाव जीती थीं। अक्टूबर 1984 में प्रधानमंत्री पद पर रहने के दौरान ही उनकी हत्या कर दी गई थी। इंदिरा गांधी के बाद राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते 1984 और 1989 का चुनाव अमेठी सीट से लड़ा और जीते। जिस समय 1991 में उनकी हत्या हुई तब चंद्रशेखर प्रधानमंत्री थे। प्रधानमंत्री रहते चंद्रशेखर भी 1991 का चुनाव अपनी बलिया सीट से जीत गए थे।

### 1991 में राव के हाथ देश की कमान



*पीवी नरसिंह राव जब 1991 में प्रधानमंत्री बने तो वे संसद के किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने आंध्र की नांदयाल सीट से पहले उपचुनाव जीता और फिर 1996 में आम चुनाव। लेकिन 1996 में वे सत्ता से हट गए। संयुक्त मोर्चे की सरकार बनी तो एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बने। वे तब कर्नाटक के मुख्यमंत्री थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद वे राज्यसभा सदस्य बने। लोकसभा उपचुनाव उन्होंने नहीं लड़ा। एक साल के भीतर ही उन्हें पद से हटना पड़ा। उनकी जगह प्रधानमंत्री बने इंदर कुमार गुजराल भी राज्यसभा के सदस्य ही रहे।*

### वाजपेयी ने 98 में संभाला पद



*संयुक्त मोर्चे की सरकार से कांग्रेस ने 1998 में समर्थन वापस ले लिया तो सरकार गिर गई। मध्यावधि चुनाव हुआ और 1998 में लखनऊ के सांसद अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री पद संभाला। प्रधानमंत्री रहते ही वाजपेयी 2004 में लखनऊ से लोकसभा चुनाव जीते पर राजग इस चुनाव में सत्ता से बाहर हो गया। वाजपेयी के बाद 2004 में मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने। पर वे लगातार राज्यसभा में ही रहे।दरअसल 1999 में उन्होंने दक्षिणी दिल्ली से लोकसभा चुनाव तो लड़ा था पर वे हार गए थे। प्रधानमंत्री पद से 2014 में हटने के बाद भी वे राज्यसभा के सदस्य रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव जीतकर 2014 में प्रधानमंत्री बने और 2019 में भी वाराणसी से ही लोकसभा के सदस्य चुने गए। तीसरी बार भी लोकसभा चुनाव वे वाराणसी से ही लड़ रहे हैं।*

## सोशल मीडिया

### 'देश की चाबी सही हाथों में दी जानी चाहिए'



*वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा, मैं दिल्ली के शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल का नाम आने की कड़ी आलोचना करता हूं। उन्होंने यह भ्रष्टाचार इस वजह से किया क्योंकि वह शराब की लत में डूबे हुए हैं। ऐसे लोगों को दोबारा नहीं चुना जाना चाहिए। देश की चाबी सही हाथों में दी जानी चाहिए, वरना यह देश नहीं बचेगा। हजारे ने कहा कि सही प्रत्याशी का चुनाव करें और उन लोगों को ना चुने जिनके पीछे ईडी लगी हुई है।*

### 'कांग्रेस छोड़कर वही नेता जा रहे हैं जो बिकाऊ'



*दिग्गज कांग्रेस नेता व एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, बीजेपी घोर भ्रष्टाचारियों का परिवार है। बीजेपी आतंक से लोगो को डरा रही है खरीद रही है। इंदौर में क्या हुआ सब जानते हैं, अक्षय बम के खिलाफ क्या क्या नहीं किया जिससे वो डर गया, मोदी परिवार घोर भ्रष्टाचारियों का परिवार है। एक समय संघ परिवार हुआ करता था, जो चुप बैठा है। कांग्रेस छोड़कर वही नेता जा रहे हैं जो बिकाऊ हैं।*

## हिमाचल प्रदेश की इस हाई प्रोफाइल सीट पर है पूरे देश की नजर

# मंडी में 'क्वीन' कंगना और 'शहजादे' विक्रमादित्य के बीच प्रतिष्ठा की जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट पर इस बार लड़ाई एक 'क्वीन' और 'शहजादे' के बीच है। बीजेपी ने जहां मंडी से बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रानौत को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस की तरफ से हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह चुनाव लड़ेंगे। मंडी में कंगना का अलग जलवा है। मंडी में चुनाव प्रचार के दौरान जैसे ही कंगना अपनी एसयूवी से बाहर निकलती हैं कुछ ही दूरी पर मंच से एक नारा बजता है, "फूल नहीं चिंगारी है, ये भारत की नारी है।" कुल्लू और मनाली के बीच एक गांव में कंगना जब मतदाताओं को संबोधित करने के लिए बढ़ती हैं तो मंच पर कार्यकर्ता एक नया नारा लगाते हैं, "राजा-टीका नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे", जिसका संदर्भ मंडी सीट से कंगना रनौत के कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी विक्रमादित्य सिंह की ओर है।

### विक्रमादित्य सिंह को 'शहजादा' कहती हैं कंगना

भाजपा द्वारा उन्हें पार्टी में शामिल करने और सीधे लोकसभा टिकट देने से पहले ही कंगना बीजेपी की सपोर्टर रही हैं। उन्होंने पहले भी धारा 370 हटाए जाने और राम मंदिर निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। कंगना अपने भाषणों और सभाओं में महिलाओं की अस्मिता के बारे में बात करती हैं और मंडी शाही परिवार के वंशज विक्रमादित्य सिंह के लिए "शहजादा" जैसे शब्दों का इस्तेमाल करती हैं। कंगना अक्सर कहती हैं, "वह (विक्रमादित्य) मुझे अपवित्र कहते हैं। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या एक महिला ही अपवित्र हो सकती है? एक आदमी अपवित्र नहीं हो सकता। हां, मैं फिल्मों में काम करती हूं, तो क्या? ऐसे पुरुष भी हैं जो वहां काम करते हैं।" भाजपा नेता विकास के बारे में और "हिमाचल प्रदेश की बेटी" होने के बारे में बात करती हैं। वह कहती हैं, "मेरा मनाली में एक घर है। पूरे हिमाचल को विकास की सख्त जरूरत है, सड़कें, हवाई संपर्क, शिक्षा सभी जरूरी है।"




### कंगना की आक्रामकता की बीजेपी को जरूरत

बाशिंग में भाजपा कार्यकर्ता मोहन लाल ठाकुर बातचीत के दौरान कहते हैं कि कंगना रानौत की आक्रामकता की पार्टी को जरूरत है। ठाकुर का कहना है, "उन्हें कोई डरा नहीं सकता। सिर्फ एक अभिनेत्री होने के कारण किए जा रहे अनुचित दावों से वह आहत हैं।"

### विक्रमादित्य ने उठाए कंगना पर सवाल

वहीं, दूसरी ओर विक्रमादित्य सिंह एक हिंदुत्व समर्थक, राम मंदिर समर्थक छवि भी पेश कर रहे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने शुद्धता जैसे मुद्दे इसलिए उठाए क्योंकि कंगना ने खुद एक बार गोमांस खाने की वकालत की थी। मैंने उन्हें केवल शुद्धिकरण की हमारी परंपरा की याद दिलाई। कांग्रेस उम्मीदवार ने बीजेपी कैंडिडेट पर हर चीज को महिला-केंद्रित या मोदी-केंद्रित बनाने का भी आरोप लगाया। विक्रमादित्य का कहना है, "याद रखें, मैं भगवान राम का एक कट्टर भक्त और एक गौरवान्वित हिंदू हूं। मैंने अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह में भी भाग लिया था।" वह सवाल उठाते हैं कि कंगना का विजन क्या है?

### मजबूत उम्मीदवार माने जा रहे हैं विक्रमादित्य

एक तरफ जहां कंगना रानौत को टिकट देने को लेकर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में कुछ नाराजगी की बात सामने आई है, वहीं विक्रमादित्य को एक मजबूत उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा के मनाली नेता अखिलेश कपूर ने बातचीत के दौरान कहा, "वह मुकाबले में अपनी पूरी जान लगा रही हैं। वह हर दिन 8 से 10 कार्यक्रमों में भाग लेती हैं, पार्टी कार्यकर्ताओं के घरों पर रात भर रुकती हैं।" कपूर कहते हैं कि कंगना के निजी स्टाफ के रूप में केवल उनके चचेरे भाई हैं। एक तरफ जहां भीड़ कंगना रानौत को देखने आ रही है और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए उमड़ रही है, यह अनिश्चित है कि क्या यह वोटों में तब्दील होगा। बाशिंग में पास के गांव के पूर्व सरपंच सुरेश ठाकुर ने बताया, "हिमाचल के इस ऊपरी क्षेत्र में पार्टी पारंपरिक रूप से जीतती रही है। हालांकि बीजेपी घुसपैठ करने में कामयाब रही है लेकिन उसमें कांग्रेस जैसा प्रभाव नहीं है।

### मंडी लोकसभा क्षेत्र

*क्षेत्रफल की दृष्टि से, मंडी हिमाचल का सबसे बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है, जिसमें लाहौल और स्पीति के अलावा मंडी, कुल्लू और चंबा जिले शामिल हैं। मंडी में लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी सातवें चरण में 1 जून को मतदान होगा। भाजपा ने पहली बार 1989 में मंडी जीती थी, जब उसके उम्मीदवार महेश्वर सिंह थे। लंबे अंतराल के बाद, 2014 और 2019 में मंडी सीट भाजपा के राम स्वरूप शर्मा ने जीती थी। लेकिन शर्मा के निधन के बाद 2021 में हुए उपचुनाव में विक्रमादित्य की मां प्रतिभा सिंह ने सीट वापस ले ली थी। लंबे समय तक यह सीट सिंह परिवार के पास ही थी।*

## शाह ने बताया- बहुमत नहीं मिला तो क्या होगा प्लान बी

### एक इंटरव्यू में गृहमंत्री ने दिए कई सवालों के जवाब



**नई दिल्ली।** भाजपा इस लोकसभा चुनाव में 'अबकी बार, 400 पार' के नारे के साथ उतरी है और वह पूरी तरह से बड़ी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर पार्टी के तमाम बड़े नेता एनडीए की 400 से ज्यादा और अकेले भाजपा की 370 सीटें आने का दावा कर रहे हैं। ऐसे में जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूछा गया कि अगर भाजपा बहुमत का आंकड़ा नहीं जुटा पाती है तो पार्टी का प्लान बी क्या होगा तो इसका उन्होंने काफी दिलचस्प जवाब दिया। अमित शाह ने हाल ही में समाचार एजेंसी एएनआई को इंटरव्यू दिया था, उसमें पूछे सवाल पर उन्होंने कहा, अमित शाह ने इस सवाल के जवाब में कहा कि प्लान बी बनाने की जरूरत तब होती है, जब प्लान ए के सफल होने की संभावना 60% से कम हो। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि पीएम मोदी प्रचंड बहुमत के साथ फिर से सत्ता में आएंगे।

### बहुमत के दुरुपयोग का आरोप

विपक्ष के नेता रैलियों में लगातार आरोप लगाते आए हैं कि अगर एनडीए 400 से ज्यादा सीटें जीत गई तो वह संविधान में बदलाव करेगी। अमित शाह से जब इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हमारे पास पिछले 10 वर्षों से संविधान बदलने के लिए बहुमत था लेकिन हमने ऐसा कभी नहीं किया। शाह ने आगे कहा कि बहुमत का इतिहास हमारी पार्टी का नहीं है, बहुमत का दुरुपयोग इंदिरा गांधी के समय कांग्रेस पार्टी ने किया।

## 'मैं न रिटायर हुआ हूं, न बूढ़ा हुआ हूं अब मैं छुट्टा सांड़ हूं'

### बेटे के चुनाव प्रचार में बोले ब्रजभूषण शरण सिंह



**कैसरगंज।** उत्तर प्रदेश के कैसरगंज लोकसभा सीट से अपने बेटे करन भूषण के लिए चुनाव प्रचार कर रहे भाजपा के मौजूदा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने खुद की तुलना छुट्टा सांड से की है। सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने एक जन सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं न रिटायर हुआ हूं, न बूढ़ा हुआ हूं। अब मैं छुट्टा सांड़ हूं। अब जनता के लिए किसी से भी भिड़ सकता हूं। सांसद के इस बयान को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। कैसरगंज बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह लोकसभा प्रत्याशी व अपने बेटे करन भूषण के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भरे मंच से सांसद ने स्थानीय भाषा में कहा कि का करिहये हमार, का करिहये, लडे जितिहैं न, और हमसे ज्यादा मनइयों कोही के पास नाही हैं। जरूरत पड़ेगी तो आपके लिए लड़ाई लड़ूंगा। इन सारी समस्याओं को देख रहा हूं, तो हम चुप बैठने वाले नहीं हैं, आपको डबल सांसद मिलेगा-डबल सांसद।'

### दोगुनी ताकत के साथ काम करूंगा

सांसद ने कहा कि वचन देता हूं कि न तो बूढ़ा हुआ हूं, न रिटायर हुआ हूं। अब तो मैं छुट्टा सांड हो गया हूं, अब तो आपके लिए किसी से भी भिड़ सकता हूं। पहले जितना आपके बीच में रहता था, उससे दोगुना आपके बीच में रहूंगा। आपके सुख दुख में शामिल होऊंगा और दोगुनी ताकत के साथ काम करूंगा। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने इस बार ब्रजभूषण शरण सिंह के बेटे को लोकसभा चुनाव के लिए टिकट दिया है।

## रायबरेली में भावुक हुईं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष

# अपना बेटा आपको सौंप रही हूं राहुल निराश नहीं करेंगे : सोनिया

एजेंसी ▶▶| रायबरेली

लंबे समय बाद शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में जनसभा को संबोधित करने पहुचीं सोनिया गांधी भावुक दिखाई दीं। उन्होंने बहुत संक्षिप्त भाषण में रायबरेली वालों के प्रति आभार जताया और कहा कि अपना बेटा आपको सौंप रही हूं। बीस साल तक जिस तरह से आपने मुझे प्यार दिया है उसी तरह राहुल को भी दें। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे। सोनिया गांधी ने इस दौरान अपनी और इंदिरा गाधी से जुड़ी रायबरेली की यादें भी साझा की, कहा कि यह रिश्ता गंगा की तरह पवित्र है। सोनिया गांधी पिछले बीस लास से रायबरेली सीट का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इस बार राहुल गांधी रायबरेली से उतरे हैं।



### अमेठी का था, अमेठी का रहूंगा : राहुल

यूपी के अमेठी में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से एक जनसभा को संबोधित किया। इसमें राहुल ने कहा कि मैंने अपनी आंखों से अपने पिता और अमेठी के बीच मोहब्बत भरा रिश्ता देखा है। मेरी भी ऐसी ही राजनीति है, मैं अमेठी का था, हूं और अमेठी का रहूंगा। इस दौरान राहुल ने कहा- कि अमेठी में फूड पार्क से लाखों लोगों को रोजगार मिलता, लेकिन मोदी सरकार ने वह आपसे छीन लिया। हम अमेठी में फूड पार्क लेकर आए थे, फूड पार्क से अमेठी बदल जाती।

## हमीरपुर में बोले पीएम मोदी

# 'वोट जिहाद करने वालों को जनता की संपत्ति बांट देंगी कांग्रेस सपा'

एजेंसी ▶▶| हमीरपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस सत्ता में आने के लिए लोगों के वोट का इस्तेमाल करेंगी और फिर उनकी संपत्ति का एक हिस्सा उन लोगों को उपहार में दे देंगी जो उनके लिए 'वोट जिहाद' करते हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने उत्तर प्रदेश में दो विपक्षी सहयोगियों के 'इरादों' के प्रति लोगों को आगाह किया। उन्होंने कहा, 'आज मैं आपको सपा और कांग्रेस के खिलाफ सावधान करने आया हूं। वे आपका वोट लेंगे, लेकिन सत्ता में आने के बाद वे उन



लोगों को ये उपहार बांटेंगे जो उनके लिए 'वोट जिहाद' करते हैं।' उन्होंने कहा, 'इस बार तो सपा-कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस कह रही है कि वो सबकी संपत्ति की जांच कराएगी। फिर वो आपकी संपत्ति में से एक हिस्सा, उनके लिए 'वोट जिहाद' करने वाले वोट बैंक को दे देंगे।'

### आकर देखो वीरता क्या होती है?

अनुच्छेद 370 और पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने से जुड़ी इसकी धमकी को लेकर बुन्देलखंड में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह कांग्रेस से कहेंगे कि उन्हें बुन्देलखंड की इस भूमि पर आना चाहिए और देखना चाहिए कि वीरता क्या होती है। मोदी ने कहा, "कांग्रेस कह रही है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस लाएंगे। इन दिनों कांग्रेस धमकी दे रही है कि पाकिस्तान से डरो क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। मैं कांग्रेस से कहना चाहता हूं कि उन्हें बुंदेलखंड की इस धरती पर आकर देखना चाहिए वीरता क्या होती है।

## बिहार में 5वें चरण के चुनाव में रोचक हुआ मुकाबला

# नए 'योद्धा' पुराने को देंगे टक्कर, दांव पर हस्तियों की प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में बिहार की पांच सीटों पर 20 मई को मतदान होना है। इनमें सीतामढ़ी, मधुबनी, सारण, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर सीट शामिल हैं। मुजफ्फरपुर को छोड़ दें तो बाकी चार सीटों पर नए प्रत्याशी पुराने योद्धाओं को टक्कर दे रहे हैं। ऐसे में दिग्गज हस्तियों की प्रतिष्ठा इस बार दांव पर है। देखना होगा कि नए प्रत्याशियों के सामने वह किस तरह चुनावी मैदान में खुद की साख बचाए रखते हैं।

### सारण में रूडी से रोहिणी का मुकाबला



सारण लोकसभा से बीजेपी के प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी हैं। उनका मुकाबला आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य से है। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत कर रही हैं। आरजेडी ने अपने नए योद्धा को विजयी बनाने के लिए पूरी ताकत लगा रखी है। कई दिनों तक तो खुद लालू यादव ने छपरा में रुक कर प्रचार किया है।

### हाजीपुर सीट से पहली बार लड़ रहे चिराग

*हाजीपुर सीट की अगर हम बात करें तो यहां से एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान का मुकाबला आरजेडी प्रत्याशी शिवचंद्र राम से है। पिछले चुनाव में यहां से एलजेपी के टिकट पर चिराग पासवान के चाचा पशुपति कुमार पारस चुनाव जीते थे। चिराग पासवान पहली बार हाजीपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। सीतामढ़ी में भी नए योद्धा के रूप में देवेश चंद्र ठाकुर चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। पिछले चुनाव में यहां से जेडीयू के सुनील कुमार पिंटू ने आरजेडी के अर्जुन राय को चुनाव हराया था. इसी तरह मधुबनी में भी पुराने योद्धा के मुकाबले नए योद्धा चुनावी अखाड़े में उतर गए हैं। पिछले चुनाव में मधुबनी से बीजेपी के अशोक यादव ने विकासशील इंसान पार्टी के बद्री पूर्वे को हराया था. इस चुनाव में अशोक यादव का मुकाबला नए योद्धा आरजेडी के अली अशरफ फातमी से है।*

### अजय निषाद को कांग्रेस ने दिया है टिकट

*मुजफ्फरपुर के चुनावी अखाड़े की बात करें तो योद्धा तो पुराने हैं, लेकिन, पार्टियां बदल गई हैं। पिछले चुनाव में यहां से बीजेपी के अजय निषाद ने विकासशील इंसान पार्टी के राजभूषण चौधरी को पराजित कर विजय प्राप्त की थी. इस चुनाव में दोनों एक बार फिर आमने-सामने हैं। हालांकि, दोनों ने दल-बदल लिए हैं। अजय निषाद कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ रहे हैं तो वहीं राजभूषण बीजेपी की ओर से मैदान में हैं।*

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



रेलवे ने एलएचबी कोच की ट्रेन में एसी कोच की संख्या बढ़ाने दर्जनभर ट्रेनों से घटा दिए थे जरनल कोच






# हरिभूमि की खबर पर रेलवे ने ली सुध

## 19 एक्सप्रेस में अब फिर जुड़ेंगे 38 जनरल कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

यात्रियों की भारी भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने 19 एक्सप्रेस ट्रेनों में 38 जनरल बोगियां जोड़ने का फैसला किया है। यहां यह बताना लाजिमी है कि रेलवे ने स्लीपर में कटौती कर जनरल कोच घटा दिए, अब हर बोगी में दोगुने यात्री के शीर्षक से हरिभूमि ने 17 दिसंबर के अंक में प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। हरिभूमि ने बताया था ▶▶शेष पेज 6 पर



### एक्सप्रेस के दोनों तरफ लगेगा कोच

वर्तमान में 19 ट्रेनों में जरनल कोच की संख्या किसी ट्रेन में एक तो किसी में दो थी। इस वजह से स्लीपर के साथ जनरल कोच में भी भारी भीड़ देखने को मिल रही थी। रेलवे ने बताया कि ट्रेन के दोनों तरफ कोच लगाया जाएगा। ऐसे में अब यात्रियों को पहले की तरह ट्रेनों में जनरल कोच की सुविधा मिलेगी। भीड़ 50 फीसदी कम हो जाएगी। रेलवे लगातार नए कोच से जनरल कोच को कम कर रहा था, जिससे यात्री काफी परेशान थे।

### कोच घटने से कम नहीं हो रही थी वेटिंग लिस्ट

रायपुर से गुजरने वाली दुरंतो, गीतांजलि, छत्तीसगढ़, सूरत एक्सप्रेस, एलटीटी एक्सप्रेस में अब स्लीपर से अधिक एसी कोच हो गए हैं। इन ट्रेनों से 2 जनरल कोच कम कर दिया था। कोच घटाए जाने के बाद भी ट्रेनों की वेटिंग सूची कम नहीं हो रही थी। रेलवे ने स्लीपर की 200 से अधिक सीटें घटाकर एसी में 150 सीटें बढ़ा दी थीं। इसका सीधा असर यात्रियों की जेब पर पड़ रहा था। 300 किलोमीटर तक यात्रा के लिए स्लीपर कोच के यात्री को जहां 600 रुपए देना पड़ रहा था, तो अब थर्ड एसी में सफर करने पर उन्हें 800 से हजार रुपए तक देना पड़ रहा था। एक कोच में 80 सीटें होती हैं। कंपार्टमेंट में 6 बर्थ होते हैं। दो लोअर, दो मिडिल और दो अपर।

### इन ट्रेनों में मिलेगी सुविधा

- 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में कोरबा से दिनांक 22 मई 2024 से एवं अमृतसर से 24 मई 2024 से मिलेगी।
- 18239/18240 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा, शिवनाथ एक्सप्रेस में कोरबा से दिनाँक 23 मई 2024 से एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से 22 मई 2024 से मिलेगी।
- 12855/12556 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर, इंटरसिटी एक्सप्रेस में बिलासपुर से दिनाँक 22 मई 2024 से एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से 24 मई 2024 से मिलेगी।
- 20845/20846 बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से दिनाँक 25 मई 2024 से एवं बीकानेर से 28 मई 2024 से मिलेगी।

▶▶शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### असम में मादक पदार्थों के साथ तीन गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि राज्य में अलग-अलग अभियानों में तीन संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई। शर्मा ने कहा, तीनों मामलों में, मादक पदार्थ पड़ोसी राज्यों से लाए गए थे।

### कारोबारी पर हमला करने वाला कांग्रेस उम्मीदवार गिरफ्तार



**बेरहामपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले की दिगपहांडी विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार साका सुजीत कुमार को एक बिल्डर पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि यह घटना व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता का नतीजा थी जो बुधवार को बेरहामपुर पुलिस थाने के पास हुई।

### रोडवेज बस ट्रेलर से टकराई चार महिलाओं की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में एक सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि 13 अन्य लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब उत्तर प्रदेश रोडवेज की एक बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। पुलिस उपनिरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को भरतपुर रेफर किया गया है।

### गैंगस्टर भाऊ का शूटर गोली मुठभेड़ में मारा गया



**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली में एक कार शोरूम पर गोलीबारी में कथित तौर पर शामिल एक शूटर अजय उर्फ गोली दिल्ली पुलिस की विशेष इकाई के साथ मुठभेड़ में मारा गया। यह मुठभेड़ शाहबाद डेरी इलाके के पास हुई। गोली पुर्तगाल में रह रहे गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का शार्पशूटर था।

### जहरीली गैस के संपर्क में आने से 15 लोग बीमार



**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में खांटापाड़ा पुलिस थानाक्षेत्र के नीलगिरी के पास एक झींगा प्रसंस्करण इकाई से निकलने वाली जहरीली गैस के कारण 15 लोग बीमार पड़ गये। पुलिस ने बताया कि कल रात इकाई में प्रसंस्करण कार्य में लगे कुछ श्रमिकों ने उन्हें उल्टी, जी घबराना और सांस लेने में कठिनाई होने के कारण भर्ती कराया गया।

## एडीआर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा चुनाव आयोग से जवाब, अगली सुनवाई 24 को

# मतदान के आंकड़े 48 घंटे के भीतर जारी हों

# आयोग ने कहा- एक रात में डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा चुनाव आयोग को मतदान के आंकड़े 48 घंटे के भीतर जारी करने का निर्देश देने संबंधी याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण के मतदान के 48 घंटे के भीतर अपनी वेबसाइट पर मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत डेटा अपलोड करने के संबंध में चुनाव आयोग के वकील को तलब किया। वहीं इस मामले में चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि 'एक रात में डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता। इसकी प्रोसेसिंग के लिए वक्त लगता है। इस मामले में 24 मई को अगली सुनवाई होगी। बता दें कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि मतदान के आंकड़े देर से जारी हो रहे हैं। ऐसे में मन में शक पैदा होता है।

बता दें कि इस मुद्दे पर गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ शाम 6:30 बजे एकत्र हुई। सीजेआई ने कहा कि चुनाव आयोग को याचिका पर जवाब देने के लिए कुछ उचित समय दिया जाना चाहिए। इसे सात चरण के लोकसभा चुनाव के छठे चरण से एक दिन पहले 24 मई को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान उचित पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।





कोर्ट के सामने दोनों पक्षों ने रखी अपनी दलील

### राजनीतिक दलों ने उठाए थे सवाल

दरअसल, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि मतदान के आंकड़े देर से जारी हो रहे हैं। ऐसे में मन में शक पैदा होता है। वहीं बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा था पहले आंकड़े समय पर जारी कर दिए जाते थे, मगर अभी जिस तरह से देरी हो रही है, उससे कहीं ना कहीं गंभीर सवाल पैदा होते हैं।

### क्या कहा गया है याचिका में

ज्ञात हो कि पिछले हफ्ते, एनजीओ ने अपनी 2019 जनहित याचिका में एक अंतरिम आवेदन दायर किया था, जिसमें चुनाव पैनल को निर्देश देने की मांग की गई थी कि सभी मतदान केंद्रों के "फॉर्म 17 सी भाग- I की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां" मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं।

### कितनी प्रतिशत वोटिंग हुई?

चुनाव आयोग ने गुरुवार (16 मई) को बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया आयोग ने कहा कि करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।

### चुनाव आयोग से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

इससे पहले सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह पेश हुए।वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि इस अदालत द्वारा 26 अप्रैल, 2024 को दिए गए फैसले में नियम 49 और फॉर्म 17सी सहित विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया गया है, जिस पर आवेदकों द्वारा भरोसा किया गया है। इसके अलावा आयोग के वकील सिंह ने कहा कि चुनाव के 4 चरण हो चुके हैं और चूंकि याचिका वर्षों से अदालत के समक्ष लंबित है, इसलिए ईसीआई को जवाब देने का अवसर दिया जाना चाहिए।

### याचिका कर्ता के वकील ने ये कहा

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि निर्वाचन आयोग को बस इतना करना है कि पुलिस अधिकारी से फॉर्म-17 के आंकड़े प्राप्त करें और वेबसाइट पर डाल दें। हर मतदान अधिकारी शाम तक फॉर्म-17 सबमिट करता है, शाम 6 से 7 बजे तक मतदान पूरा होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी के पास पूरे निर्वाचन क्षेत्र का डेटा होता है। इसके बाद भी आप इसे अपलोड क्यों नहीं करते हैं। इसके बाद सीजेआई ने चुनाव आयोग के वकील से पूछा कि आपको ऐसा करने में क्या परेशानी है?

### ईसीआई ने कहा- एक रात में डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता

चुनाव आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि एक रात में डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता है। यह एक सेट पैटर्न है। चुनाव की घोषणाओं से पहले पहले मतदाता सूची, फिर ईवीएम पर सवाल उठाया गया। अब ऐसे सवाल उठाने पर नए मतदाताओं पर एक बड़ा प्रभाव पड़ता है और मतदाता संख्या में कमी आती है।

### मतदान का आंकड़ा बढ़ गया : याचिकाकर्ता

याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि पहले दूसरे चरण में डेटा 7 दिन से ज्यादार देरी से सार्वजनिक किया गया। अचानक वोटर टर्नआउट बढ़ गया। इससे पहले दिन में वकील प्रशांत भूषण ने एनजीओ की ओर से मामले का उल्लेख किया और याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी।

## केजरीवाल की भी बढ़ेंगी मुश्किलें

# ईडी ने पहली बार किसी पार्टी को बनाया आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी शांत बैठने के मूड में नहीं है। ईडी ने शुक्रवार को दल्लिी की राउज एवेन्यु कोर्ट में शराब घोटाले मामले में सातवीं सप्लीमेंट्री दाखिल की है जिसमें आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया है। इसके बाद शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने राउज एवेन्यू कोर्ट में केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। लगभग 200 पन्नों की इस सप्लीमेंट्री चार्जशीट में केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया गया है। अब तक इस मामले में ईडी 8 चार्जशीट दाखिल कर चुकी है जिसमें 7 सप्लीमेंट्री और 1 मेन चार्जशीट है। जांच एजेंसी ने ▶▶शेष पेज 6 पर

- नई चार्जशीट में लगाए गए हैं ये आरोप

### ईडी ने चार्जशीट में क्या-क्या कहा?

ईडी ने कोर्ट को सौंपी अपनी चार्ज शीट में कहा कि मनीष सिसोदिया और के कविता के साथ अरविंद केजरीवाल भी हैं 'मास्टरमाइंड' हैं। चार्जशीट में आम आदमी पार्टी को आरोपी के रूप में नामित किया गया है। ईडी ने कहा कि पहली बार किसी राजनीतिक दल को मनी लॉन्ड्रिंग जांच में आरोपी के रूप में नामित किया गया है। ईडी का कहना है कि 45 करोड़ की आय का इस्तेमाल आप ने अपने गोवा चुनाव अभियान में किया।

### केजरीवाल को 2 जून को करना है सरेंडर

ज्ञात हो कि ईडी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को केजरीवाल को 21 दिनों की अंतरिम जमानत दे दी। उन्हें 2 जून को सरेंडर करना है। अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए केजरीवाल की ओर से यह याचिका दाखिल की गई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है। अदालत ने अगर केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैध पाया तो फिर उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा। वहीं अगर ऐसा नहीं होता है तो उन्हें जेल जाना पड़ेगा।

# दुर्घटना नहीं, डिप्टी रेंजर का हुआ कत्ल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

दो दिन पूर्व धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में डिप्टी रेंजर संजय तिवारी की मौत के मामले में पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी वाहन चालक ने रंजिशवश डिप्टी रेंजर को बोलेरो वाहन से कुचलकर मार डाला, फिर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो पता चला कि दुर्घटना सामान्य ना होकर सुनियोजित थी, जिसे रंजिशवश अंजाम दिया गया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया है। 16 मई को दोपहर करीब 3 बजे धरमजयगढ़ ▶▶शेष पेज 6 पर

- रंजिशवश बोलेरो वाहन से कुचलकर ली जान, आरोपी गिरफ्तार

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसका पूर्व से संजय तिवारी से विवाद चल रहा था। वह संजय तिवारी की हत्या की साजिश रचकर मौके की तलाश कर रहा था। 16 मई के दोपहर बसंत यादव बोलेरो वाहन सीजी 13 यूई 0377 से नागदरहा जा रहा था। उसी समय उसने बाइक हीरो ग्लैमर पर संजय तिवारी को धरमजयगढ़ की ओर से आते देखा। तब उसने बोलेरो को मोड़कर संजय ▶▶शेष पेज 6 पर

# यात्रियों से भरे विमान की टग ट्रैक्टर से टक्कर

## फ्लाइट में मौजूद थे 180 यात्री




### उड़ान रद्द, किराया वापस

एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, पुणे से दिल्ली के लिए उड़ान भरने के दौरान हमारे एक विमान के साथ दुर्घटना घटी। इसके बाद विमान को जांच के लिए रोक लिया गया।

### 6 घंटे तक फंसे रहे यात्री

मीडिया से बात करते हुए एक यात्री ने कहा हम छह घंटे तक एयरपोर्ट पर फंसे रहे। शाम के साढ़ सात बजे यात्रियों को नाश्ता दिया गया। इस घटना के कारण यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा।

**मुंबई।** एयर इंडिया की दिल्ली आ रही फ्लाइट के साथ शुक्रवार को बड़ा हादसा टल गया। दरअसल, पुणे एयरपोर्ट के रनवे पर विमान एक टग ट्रैक्टर से टकरा गया। यह घटना गुरुवार की है, इस दौरान विमान में 180 यात्री मौजूद थे। एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया, विमान में 180 यात्री मौजूद थे। विमान की नाक और लैंडिंग गियर के पास एक टायर क्षतिग्रस्त हो गया। इस टक्कर के बाद चालक दल के सभी सदस्य और यात्री सुरक्षित हैं।

# साय बोले- ओडिशा में बनेगी भाजपा की सरकार, बताएं घोषणापत्र के वादे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ओडिशा में शुक्रवार को तीन सभाएं लीं। यहां पर उन्होंने बताया, ओडिशा में भाजपा ने जो घोषणापत्र बनाया है, उसमें प्रदेशवासियों के हित के लिए बहुत कुछ है। भाजपा सरकार बनने पर यहां किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत मिलेगी, हमारी माताओं को पचास हजार रुपए का वाउचर मिलेगा। बुजुर्ग, दिव्यांग और बुनकरों को तीन हजार रुपए भत्ता मिलेगा। छोटा-मोटा काम करके अपना जीवन-यापन करने वाले लोगों को हमारी सरकार ▶▶शेष पेज 6 पर

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ली तीन सभाएं




### मोदी का कोई विकल्प नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए श्री साय ने कहा, यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। श्री मोदी गरीब परिवार से आते हैं, इसलिए गरीबों की पीड़ा उन्हें अच्छे से पता है। नरेंद्र मोदी देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबकी चिंता करते हैं। ▶▶शेष पेज 6 पर

## सीबीएसई ने खोली छात्रों के लिए अंकों के सत्यापन, पुनर्मूल्यांकन के लिए विंडो

# कक्षा 12वीं रिजल्ट के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन 21 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के अंकों के सत्यापन, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन विंडो खोल दी है। सीबीएसई कक्षा 12वीं के सत्यापन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 मई है। जो भी छात्र अपने अंकों से असंतुष्ट हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in के माध्यम से अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड ने घोषणा की कि वह सीबीएसई कक्षा 12 की पूरक परीक्षा 15 जुलाई, 2024 से आयोजित करेगा।

### केवल यही छात्र कर सकते हैं आवेदन

नोटिस में बताया गया है, अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार केवल मूल्यांकन की गई उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है और उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त की है, वे केवल पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।




### एक छात्र कर सकता है केवल एक आवेदन

बोर्ड ने छात्रों को केवल एक ही आवेदन जमा करने का निर्देश दिया है क्योंकि कई आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। पुनः सत्यापन के बाद, अंतिम अंक आधिकारिक वेबसाइट पर उम्मीदवार के लॉगिन पर अपलोड किए जाएंगे। इसमें स्पष्ट किया गया है कि इस संबंध में कोई व्यक्तिगत संदेश या ईमेल नहीं भेजा जाएगा।

### आवेदन जमा करने के लिए आवश्यक विवरण

छात्रों को सीबीएसई 12वीं के एडमिट कार्ड पर दिया गया अपना रोल नंबर, 5 अंकों का स्कूल नंबर और परीक्षा केंद्र नंबर दर्ज करना होगा। बोर्ड ने निजी छात्रों को स्कूल नंबर फील्ड में 99999 दर्ज करने के लिए कहा।

### आवेदन शुल्क

छात्रों को अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन करने के लिए प्रति विषय 500 रुपये, प्रति उत्तर पुस्तिका 700 रुपये और प्रति विषय उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन के लिए 100 रुपये का भुगतान करना होगा।

### कैसे करें आवेदन


- सबसे पहले छात्र सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट- **cbse.gov.in** पर जाएं।
- 'परीक्षा/छात्र' अनुभाग पर क्लिक करें, फिर 'पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करें' लिंक चुके।
- आवेदन पत्र एक नई विंडो में दिखाई देगा। आवश्यक विवरण भरें।
- 'सबमिट' पर क्लिक करें और आवेदन शुल्क का भुगतान करें।

## चिंतन

# अमेरिका, चीन व पाक को भारत की 'नसीहत'

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक साथ अमेरिका, चीन, पाकिस्तान और भूराजनीतिक संकट पर भारत के दृष्टिकोण बहुत ही संजीदगी से दुनिया के सामने रखा है। ईरान से चाबहार डील के बाद आई धमकी भरी अमेरिकी प्रतिक्रिया पर भारत ने शालीनता से जवाब दिया है कि वैश्विक कूटनीति के तौर पर 'प्रतिबंधों की धमकी' का किस प्रकार बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत का इशारा साफ है कि बहुध्रुवीय वैश्विक स्थिति में प्रतिबंधों की धमकी जैसी कूटनीति अब आउटडेटेड हो गई है। अमेरिका को अब अपनी कूटनीति को नया जामा पहनाना चाहिए। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने चीन को भी अंतरराष्ट्रीय कानून न मानने के बिंदु पर आईना दिखाया है। जयशंकर ने कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं। दरअसल, चीन ने भारत के साथ सीमा समझौते मैकमोहन रेखा की हमेशा अवहेलना की है, उसी तरह ड्रैगन ने दक्षिण चीन सागर में अंतरराष्ट्रीय सामुद्रिक नियम और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय हेग के फैसले का अनादर किया है, जिसके चलते दक्षिण चीन सागर को लेकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तनाव बरकरार है। अंतरराष्ट्रीय नियम कहता है कि समंदर पर किसी देश का आधिपत्य नहीं हो सकता है। दक्षिण चीन सागर में केवल चीन शब्द आने से वह चीन का नहीं हो जाता है। ऐसे तो फिर हिंद महासागर भारत का होगा, अरब सागर सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात का व मैक्सिकन सागर मैक्सिको का होगा, पर ऐसा नहीं है। विश्व के सभी समुद्र सभी देशों के उन्मुक्त आवाजाही के लिए मुक्त है। साउथ चाइना सी पर चीन यह गलती लगातार कर रहा है। सीमा विवाद भी सीमा समझौते का आदर नहीं करने के चलते है। भारत सीमा विवाद को लेकर चीन को हमेशा चेताता रहता है, इसके बावजूद चीनी हरकतें उकसावे वाली होती हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चीन की सैन्य मौजूदगी भारत को हमेशा खटकती रही है और यह सीमा समझौते के खिलाफ भी है। आतंकवाद के पोषक के तौर पर जयशंकर ने पाकिस्तान को भी चेताया है कि आतंकवाद ने उन्हें निगलना शुरू कर दिया है जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं। पाकिस्तान पिछले चार दशक से भारत के खिलाफ आतंकवाद प्रायोजित करता रहा है, इसके लिए उसने अपने क्षेत्र में आतंकवाद को पालता-पोसता रहा है, पर आज वही आतंकवादी खुद पाकिस्तान के लिए नासूर बन गए हैं। इतना ही नहीं, जो देश आतंकवाद व आतंकवादी गुटों को अप्रत्यक्ष तौर पर मदद पहुंचाते रहे हैं, आज वे भी आतंकी गुटों के निशाने पर हैं। आज विश्व यूक्रेन युद्ध के परिणामों, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और जलवायु घटनाओं, ड्रोन हमलों की घटनाओं, भू-राजनीतिक तनाव एवं प्रतिबंधों के चलते गंभीर खाद्य सुरक्षा संकट के दौर से भी गुजर रहा है। जयशंकर ने कहा कि दुनिया तीन 'एफ' यानी 'फ्यूल, फूड, फर्टिलाइजर' (ईंधन, भोजन और उर्वरक) के संकट से जूझ रही है। ऐसे में वैश्विक महाशक्तियों द्वारा आर्थिक गतिविधियों को हथियार बनाना वैश्विक शांति व सुरक्षा के खिलाफ है। अमेरिका को युद्ध व संघर्ष को ईंधन देने के बजाय जंग मुक्त विश्व के लिए काम करना चाहिए। यूक्रेन व इजराइल को अमेरिकी मदद से जंग कैसे खत्म होगी? भारत के सुझावों पर गौर कर युद्ध और भूराजनीतिक तनाव खत्म करने की दिशा में बातचीत से वैश्विक प्रयास होना चाहिए। अमेरिका, चीन, पाकिस्तान आदि देशों को भारत की नसीहत है कि महत्वाकांक्षी अधिनायकवादी, विस्तारवादी व आतंकवाद से त्रस्त विश्व से अधिक समावेशी व सौहार्दपूर्ण विश्व की जरूरत है।

## सारा संसार



गुरुवायुर श्री कृष्ण मंदिर केरल के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। यह दक्षिण भारत के सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों में से एक है जहां बालकृष्ण अवतार में पीठासीन देवता भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। मूर्ति चार हाथों वाली है - एक में शंख, एक में गदा, एक में चक्र और एक में कमल है।

## चारधाम यात्रा

मनोज कुमार अग्रवाल



# पहाड़ की सेहत का रखें ध्यान

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू हो गई है। केदारनाथ और यमुनोत्री गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए हैं, जबकि बद्रीनाथ मंदिर में दर्शन 12 मई से शुरू हो गए हैं। इसी के साथ पर्यटकों की भारी भीड़ ने तमाम प्रबंधों को ध्वस्त कर दिया यहां पहले ही दिन हजारों लोगों की भीड़ के कारण अव्यवस्था देखने को मिली। वहीं श्रद्धा आस्था के ऊपर पर्यटन वाली मानसिकता हावी होती देखी जा सकती है, जिसके चलते पहाड़ के नाजुक पर्यावरण के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। आस्था और पर्यटन का यह संगम पहाड़ की सेहत के लिए भी खतरा खड़ा कर सकता है। यात्रा के शुरू होते ही चार धाम में लग रही भारी भीड़ को देखते हुए दो दिनों के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किया गया है। यहां आपको बता दें कि पिछले साल यात्रा खत्म होने के बाद सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक केदारनाथ में 96, यमुनोत्री धाम में 34, गंगोत्री धाम में 29, बद्रीनाथ धाम में 33 और हेमकुंड साहिब में 7 और गौमुख ट्रैक में 1 यानी कुल दो सौ लोगों की मौत हुई थी, वहीं 2022 में चारधाम यात्रा के दौरान 232 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। यह आंकड़े डराने वाले हैं। 10 मई को कपाट खुलने के बाद से अब तक 1 लाख 26 हजार 306 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 1200 साल से हो रही है, लेकिन पहली बार इतने श्रद्धालु पहुंचे हैं। अधिक तादाद में श्रद्धालुओं के पहुंचने से एक ओर व्यवस्थाओं का गड़बड़ाना लाजिमी है दूसरी ओर पवित्र स्थलों की पवित्रता भी प्रभावित होने की संभावना कम नहीं है। टनों कचरा प्लास्टिक व अन्य गंदगी पहले से ही वन विहीन हो रहे पहाड़ के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर रहे हैं। वाहनों की उत्सर्जित गैस व गर्मी पर्यावरण को बिगाड़ रही है। जब इतना अधिक संख्या में यात्री चारों धाम पहुंच रहे हैं तो पहाड़ के संवेदनशील भौगोलिक वातावरण पर दुष्प्रभाव होना भी स्वाभाविक है बेशक पर्यटन से राजस्व कमाने और रोजगार व अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए चारधाम यात्रा को आकर्षण बनाने की मुहिम की गई जिस का परिणाम यात्रा के लिए आ रहे लोगों की बढ़ी तादाद है, लेकिन तात्कालिक लाभ के लिए पहाड़ की सेहत से खिलवाड़ उचित नहीं है। पूर्व में उत्तराखंड का केदारनाथ जिस प्राकृतिक त्रासदी से दो चार हो चुका है जिसमें कई हजार श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी उस को भी याद रखना चाहिए, लेकिन इन दिनों लोगों में कभी बेहद दुर्गम व पवित्र तीर्थ धाम माने जाने वाले इन पावन स्थलों को पर्यटन की तर्ज पर घूमने की होड़ लगी हुई है। दरअसल सम्पन्न मध्यमवर्गीय लोगों में आस्था और पर्यटन एक पंथ दो काज करने की मानसिकता बनी है लोग इन समुद्र तल से आठ हजार फुट व अधिक ऊंचाई वाले कम आक्सीजन वाले धार्मिक स्थलों पर बुजुर्गों और छोटे बच्चों को भी साथ लेकर आ रहे हैं। यात्रा शुरू होने के पहले सप्ताह में ही दर्जनों श्रद्धालुओं की मौत बता रही है कि व्यवस्थाएं कमजोर हैं। इस सब के बावजूद लोगों में पहाड़ पर पर्यटन की तर्ज पर चारधाम जाने की होड़ लगी है। यह उचित नहीं है। धार्मिक स्थलों की मर्यादाओं को ध्यान में रखकर दर्शन करने से ही पुन्य मिल सकता है पर्यटन के भाव से मौज मस्ती और अमर्यादित वस्त्र परिधान पहन कर धार्मिक विश्वास दर्शाना महज धोखा है। इन हालात में पहाड़ की सेहत से तो खिलवाड़ किया जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## सीता मंदिर

प्रभात झा

# ...पर मेरा जीर्णोद्धार कब होगा

अयोध्या स्थित रामलाल के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए निमित्त ट्रस्ट से जुड़े कामेश्वर चौपाल का कहना है कि बिहार सरकार पुनौरा धाम ट्रस्ट को यदि हमारे ट्रस्ट को सौंप दे तो हम सभी पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन बनाने की दिशा में विचार कर सकते हैं। उनका भी मानना है कि अयोध्या की मान्यता विश्व में भगवान राम लला को लेकर है तो मां सीता को लेकर पुनौरा धाम का नाम विश्व में क्यों नहीं हो सकता। जगत जननी कह रही है कि 'जिनके कारण मेरा अस्तित्व है उनका भव्य मंदिर बनने पर मैं बहुत खुश हूं पर मैं भी उनके साथ पतिव्रता अर्धांगिनी बनकर सदैव हर समय खड़ी रही, तो मेरे साथ भी न्याय होना चाहिए।'

सामान्य तौर पर किसी से भी पूछा जाए कि राम लला का जन्म कहां हुआ, तो सभी तपाक से उत्तर देंगे अयोध्या। इसी तरह यदि आप पूछें कि मां जानकी का जन्म कहां हुआ तो लोग उत्तर देते हैं जनकपुर। जो गलत है। जनकपुर तो सीताजी का ननिहाल और विवाह स्थल है। सत्य यह है कि मां जानकी जहां प्रकट हुई थीं उस स्थान का नाम पुनौरा धाम है। यह स्थान बिहार के सीतामढ़ी शहर से साढ़े तीन किलोमीटर दूर है। उस समय जनकपुर भारत का हिस्सा हुआ करता था, आज जनकपुर नेपाल में है, पर मां सीताजी का प्राकट्यस्थल पुनौराधाम आज भी भारत में है। इसके शास्त्रों में प्रमाण भी उपलब्ध हैं। पुनौरा धाम का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि अभी बीते गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में ऐसा धाम बनेगा, जिसे दुनिया के लोग देखने आएंगे। यहां भव्य मंदिर सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी और भाजपा ही बनवा सकती है। सीतामढ़ी को राम सर्किट से जोड़ा जाएगा।

वृहद विष्णुपुराण के मिथिला खंड में वर्णित है कि हम संसार में प्राणियों की मनोकामनाएं पूरी करने वाली विशेष फलदायक यज्ञ स्थली पुण्योर्वरा (पुनौराधाम) की यात्रा और दर्शन विशेषकर चैत्र श्री रामनवमी और वैशाख श्री जानकी नवमी में मोक्ष की अभिलाषी को करने चाहिए, क्योंकि दोनों तिथि क्रमशः श्री राम जी का जन्मदिवस और मां सीता जी का प्राकट्य दिवस है। वर्णन है की एक बार सम्पूर्ण मिथिला में घोर दुर्भिक्ष पड़ गया। लोग अन्न और जल के अभाव में दम तोड़ने लगे। उस समय राजा जनक राज कर रहे थे। राजर्षि जनक ने अपने राज्य के विद्वानों, ऋषि-मुनियों और ज्योतिषियों की आपातकालीन सभा बुलाकर भीषण दुर्भिक्ष की विभीषिका से त्राण पाने के उपाय पर विचार-विमर्श किया। सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि राजा जनक को हलेष्ठी यज्ञ करना चाहिए। इसके निमित्त शोध के आधार पर पुण्यारण्य (पुण्डरीक आश्रम) को उपयुक्त स्थान के रूप में चयन किया गया। वृहद विष्णुपुराण के मिथिला माहात्म्य के अष्टम अध्याय में वर्णित है कि राजर्षि जनक का जो प्राचीन दुर्ग था, उसके पारतः पंचकोशी चार विशाल द्वार थे। वे इन दिनों भी वर्तमान जनकपुरधाम से क्रमशः दस मील उत्तर की ओर धनुषा, दस मील दक्षिण की ओर गिरजा स्थान, दस मील पूरब की ओर हरिहरालय महादेव और दस मील पश्चिम जलेश्वरनाथ के नाम से लोक विदित है। यह स्पष्ट है कि महाराजा जनक इसी जलेश्वरनाथ(शिव जी का जलशयन स्थल) से पश्चिम भाग में शास्त्रवत अठासी ऋषियों एवं रानी सुनैना सहित तीन योजना के बाद हलेष्ठी यज्ञार्थ पुण्डरीक आश्रम पुण्यारण्य पधारे थे, जहां हलेष्ठी यज्ञ की सिद्धि प्राप्त हुई और मां जानकी का प्राकट्य हुआ। पद्मपुराण में वर्णन है कि जानकी नाम तो जनक जी के वंशानुगत जनक शब्द से रखा गया, लेकिन शास्त्रानुसार उनका नाम 'सीता' होना अपेक्षित है, क्योंकि सीत(फार का नुकीला अग्र भाग) और सीता(सिराउर) के संयोग से उत्पत्ति होने के कारण सीता नाम की पुष्टि होती है। जन्म के बाद लौकिक एवं वैदिक रीतियों से वर्षा



से बचाने के लिए 'मड़ई' (मढ़ी) में मां सीता जी रखी गईं तथा उस स्थान का नाम सीतामढ़ी हुआ।

पुण्डरीक क्षेत्र अर्थात पुनौराधाम,जहां मां जानकी का प्राकट्य हुआ, वहां कई पुरातन स्मृतियां हैं, जिनका वर्णन और वहां की भाषाएं का उल्लेख रामायण, पुराणों, संहिताओं एवं इतिहास के पृष्ठों में स्वर्णाक्षरों में वर्णित है। पुनौराधाम में प्रवेश मात्रा से प्राणी पवित्र हो जाता है। मां जानकी कुंड में जलस्पर्श एवं स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। मां जानकी जन्म कुंड को पुण्यनिधि कहा गया है। जगतगुरु रामभद्राचार्य गत 12 वर्षों से लगातार पुनौराधाम में जानकी नवमी आने के नौ दिन पूर्व से जगत जननी मां जानकी की जन्म स्थली पर नौ दिन कथा कर जानकी नवमी सम्पन्न कर समाज को सदैव संदेश देते हैं कि पुनौराधाम ही मां जानकी का प्राकट्य स्थल है। मैं और जगतगुरु रामभद्राचार्य बिहार के तत्कालीन राज्यपाल के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस आशय की जानकारी भी दी। आजादी के बाद पहली बार कोई संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति तत्कालीन राज्यपाल और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पुनौराधाम पहुंचे। उन्होंने सभा में कहा कि पुनौराधाम के बारे में तो मुझे पता ही नहीं था कि यह मां जानकी का प्राकट्य स्थल है। जगतगुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि आप जानकी नवमी पर आइए तो मैं वहां पहुंचा। नीतीश ने कहा कि बिहार सरकार पुनौराधाम स्थित मां जानकी के प्राकट्य स्थल का धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विस्तार करने की दिशा में अनेक कदम भविष्य में उठाए जाएंगे। अयोध्या में भगवान रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर वर्षों के संघर्ष के बाद न्यायालय के फैसले से बनकर तैयार हो गया। अभी अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर का प्रथम चरण बना है जिसकी जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। कहा जाता है कि 'बिना राम के सीता नहीं और बिना सीता के राम नहीं।' पूरे विश्व से अयोध्या में बने भगवान रामलला के मंदिर के दर्शनार्थ लाखों लोग पधार रहे हैं, पर दूसरी ओर, मां जानकी(सीताजी) का प्राकट्य स्थल पर किसी तरह का जमीनी विवाद नहीं है, और तो और वहां मां जानकी का एक छोटा मंदिर भी बना है। वहां वह स्थल भी मौजूद है जहां राजा जनक ने हल जाता था।


प्रधानमंत्री मोदी जब भी अयोध्या में गए थे जय श्री राम नहीं बोले वह हमेशा 'जय सियाराम' ही बोले। अब सवाल उठता है की माता सीता के प्राकट्य स्थल का जीर्णोद्धार कब होगा। जगतगुरु रामभद्राचार्य ने प्रण लिया हुआ है कि जब तक मां सीता के प्राकट्य स्थल का जीर्णोद्धार और यह भारत का श्रेष्ठ धाम नहीं बनेगा मेरी कथा सदैव जानकी नवमी पर यहां होती रहेगी। राज्यसभा में भी पुनौरा धाम का मामला और वहां मां जानकी के प्राकट्य स्थल के संपूर्ण विकास का मामला उठाया था सदन में सभी दलों ने इसका समर्थन भी किया था। पुनौरा धाम भारत के बिहार राज्य में है। अतः भारत और बिहार सरकार का यह नैतिक दायित्व बनता है कि पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धाम बनाने की दिशा में पुरजोर प्रयास करें। अयोध्या स्थित रामलाल के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए निमित्त ट्रस्ट से जुड़े कामेश्वर चौपाल का कहना है कि बिहार सरकार पुनौरा धाम ट्रस्ट को यदि हमारे ट्रस्ट को सौंप दे तो हम सभी पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन बनाने की दिशा में विचार कर सकते हैं। उनका भी मानना है कि अयोध्या की मान्यता विश्व में भगवान राम लला को लेकर है तो मां सीता को लेकर पुनौरा धाम का नाम विश्व में क्यों नहीं हो सकता।

भारत की जनता अब पुनौरा धाम आने लगी है। जानकी नवमी को वहां बहुत बड़ा मेला लगता है। जगत जननी मां सच में इंतजार कर रही हैं और कह रही है कि 'जिनके कारण मेरा अस्तित्व है उनका भव्य मंदिर बनने पर मैं बहुत खुश हूं पर मैं भी उनके साथ पतिव्रता अर्धांगिनी बनकर सदैव हर समय खड़ी रही, तो मेरे साथ भी न्याय होना चाहिए।'

(लेखक भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुके हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# क्रियायोग : अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित

**दर्शन**

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# दो अनमोल हीरे



संकलित

**प्रेरणा**

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊँट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊँट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुँचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियाँ के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### डेंगू से बचने-बचाने के लिए गंभीर हों

हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू से बचने और इस बीमारी से निपटने के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष का थीम है- डेंगू रोकथाम सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी। महामारी हो या अन्य कोई बीमारी, इससे बचने के लिए आमजन को भी गंभीर होना चाहिए, मात्र सरकारों या प्रशासन के भरोसे ही नहीं बैठना चाहिए। हर वर्ष देश के विभिन्न राज्यों में डेंगू अपना कहर बरपाता है। सरकार और प्रशासन भी कुंभकर्णी नींद से तभी जागते हैं जब डेंगू जानलेवा बनने लगता है। प्रशासन को चाहिए कि वह आग लगने के बाद कुआं खोदने की बजाय पहले ही डेंगू को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठा ले। - **ललित ताम्रकार**, रायगढ़

## ट्रेंड

### सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हों



समलैंगिक संबंधों का अपराधीकरण समाप्त होना चाहिए, साथ ही एलजीबीटीआईक्यू+ समुदायों के खिलाफ भेदभाव भी समाप्त होना चाहिए। होमोफोबिया, बाइफोबिया और ट्रांसफोबिया के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर और हर दिन, आइए सभी के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हों।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### सभी हमारे बच्चे



56 राष्ट्रमंडल देशों में 123 मिलियन बच्चे स्कूल से बाहर हैं। मैं पूछता हूं किसके बच्चे हैं? किसके बच्चे गुलामी में फंसे हैं? युद्धों में किसके बच्चे मारे और अपंग हो जाते हैं? किसके बच्चे जलवायु अन्याय से सबसे अधिक पीड़ित हैं? वे सभी हमारे बच्चे हैं!

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### बहुमूल्य है समय



समय बहुमूल्य है। भविष्य की सही सटीक और प्रभावी योजनाएं बनाएं और समय साधनों का सदुपयोग करना सीखें। आध्यात्मिक पथिक सदैव समय, साधनों का उचित प्रयोग परम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करता है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### तो ऐसा नहीं है



बस एक चेतावनी- यदि आपको लगता है कि यह असंभव है-तो ऐसा नहीं है। यदि आप सोचते हैं कि आप सब कुछ जानते हैं - तो ऐसा नहीं है। अगर आपको लगता है कि आप अकेले हैं- तो आप नहीं हैं!

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# हिजबुल्लाह की इजराइल के खिलाफ नई रणनीति



लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने इस सप्ताह उत्तरी इजराइल में एक सैन्य चौकी पर ड्रोन के जरिए हमला किया और दो मिसाइलें दागीं, जिसमें तीन सैनिक घायल हो गए थे। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी। हिजबुल्लाह बीते सात महीने से इजराइल पर लगातार हमले कर रहा है लेकिन बृहस्पतिवार को किए गए हमले में उसे पहली बार कामयाबी मिली क्योंकि यह इजराइली हवाई क्षेत्र के भीतर से किया गया था। हिजबुल्लाह ने हाल के सप्ताहों में इजराइल पर अपने हमले तेज कर दिए हैं, खासकर गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर रफह में इजराइली घुसपैठ के बाद से। आतंकी समूह ने इजराइल के अंदरूनी इलाकों को निशाना बनाकर कई हमले किए हैं तथा नए और अधिक उन्नत हथियारों का इस्तेमाल किया। हिजबुल्लाह पर करीबी नजर रखने वाले लेबनानी राजनीतिक विश्लेषक फैसल अब्दुल-सातेर ने कहा, 'यह इजराइली दुश्मन को जमीन पर संदेश भेजने का एक तरीका है, जिसका अर्थ है कि यह हमारे पास जो कुछ है उसका हिस्सा है, और यदि आवश्यक हो तो हम और अधिक हमला कर सकते हैं।' सीमा पार से गोलीबारी अक्टूबर की शुरुआत से ही जारी है।

## ऑफ बीट

# मनुष्य हजारों वर्षों से प्रकृति में बदलाव कर रहा है : रिपोर्ट



जुलाई 2024 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए सभी की निगाहें पेरिस पर होंगी। दुनिया भर से दर्शक एथलीटों की प्रतिस्पर्धा देखने और दुनिया के सबसे पहचाने जाने वाले शहरों में से एक की संस्कृति, रोमांस और इतिहास का आनंद लेने के लिए सिटी ऑफ लाइट में जुटेंगे। लेकिन पेरिस का एक प्रतिष्ठित मील का पत्थर, नोट्रे डेम कैथेड्रल, 14 अप्रैल, 2019 को कैथेड्रल में 12 घंटे तक लगी विनाशकारी आग के बाद अभी भी नवीकरण की प्रक्रिया में होगा। जब आखिरी अंगारे बुझ गए, तो नोट्रे डेम की अधिकांश लकड़ी और धातु छत नष्ट हो गई थी, और उसका भव्य शिखर आग की लपटों में भस्म हो चुका था। नोट्रे डेम लगभग 1,000 वर्ष पुराना है और कई बार क्षतिग्रस्त हुआ और मरम्मत किया गया है। इसका अंतिम प्रमुख नवीकरण 1800 के दशक के मध्य में हुआ था। संरचना को तैयार करने वाले विशाल बीम 300 से 400 साल पहले काटे गए यूरोपीय ओक के पेड़ों से बनाए गए थे। आज, ये पेड़ पूरे उत्तर-मध्य यूरोप में आम हैं, लेकिन सदियों से वनों की कटाई के कारण, नोट्रे डेम की छत की जाली और शिखर की जगह लेने के लिए काफी ऊँचे पेड़ों की जरूरत है। योजनाकारों को पुनर्स्थापना के लिए उपयुक्त बड़े ओक के पेड़ों की देश भर में खोज करनी पड़ी।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# फिल्म श्रीकांत को देख गदगद हुए अक्षय

**मुंबई।** बीते शुक्रवार को राजकुमार राव की बहुचर्चित फिल्म श्रीकांत को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया है। आज इसे एक सप्ताह का वक्त गुजर गया है और फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए आगे बढ़ रही है। इस बीच अभिनेता अक्षय कुमार ने भी श्रीकांत को देखकर सोशल मीडिया पर इसका रिव्यू किया है। सिर्फ इतना ही नहीं वेलकम 3 कलाकार ने राजकुमार राव को एक्टिंग क्लास शुरू करने की सलाह दे डाली है। आइए एक नजर अक्की के इस लेटेस्ट पोस्ट पर डालते हैं। अक्षय कुमार फिल्म श्रीकांत को देखने के बाद अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट स्टोरी को शेयर किया है।

लाइफ Style

# रश्मिका

## अटल सेतु वीडियो की पीएम मोदी ने की तारीफ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना सिर्फ साउथ सिनेमा का ही नहीं, अब हिंदी दर्शकों के बीच भी काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं। रश्मिका पिछले कुछ सालों में कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा रहीं। वह आखिरी बार रणबीर कपूर स्टारर ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' में नजर आई थीं। अब रश्मिका अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पाः द रूल में दिखाई देंगी। इस बीच अभिनेत्री का एक वीडियो सुर्खियों में है।

इस वीडियो में रश्मिका मंदाना अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। वीडियो पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रश्मिका के पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेत्री की तारीफ की है और वीडियो को संतोषजनक बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रश्मिका मंदाना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि लोगों को जोड़ने और उनके जीवन को बेहतर बनाने से उन्हें संतोष मिलता है। वीडियो में रश्मिका हाल ही में बने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक पर नजर आ रही हैं। हार्बर लिंक को अटल सेतु नाम दिया गया है। रश्मिका इस वीडियो में अटल सेतु की तारीफ कर रही हैं। वह कहती हैं- जहां लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में 2 घंटे लगते थे, वहां अब वे सिर्फ 20 मिनट में पहुंच सकते हैं। रश्मिका मंदाना के इस वीडियो और पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिएक्शन देते हुए लिखा,"बिलकुल! लोगों को जोड़ने और जीवन को बेहतर बनाने से ज्यादा संतोषजनक कुछ भी नहीं।" वीडियो में रश्मिका मंदाना ने अपने एक्स हैंडल पर ये वीडियो शेयर किया था। वीडियो में वह अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। पुल की खूबी बताते हुए उन्होंने ये भी कहा कि समुद्र पर बना ये सबसे लंबा पुल है, जो 22 किलोमीटर का है।





# विक्की कौशल की बनीं फोटोग्राफर

**मुंबई।** विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के पावर कपल्स में गिने जाते हैं। बीते दिन एक्टर ने अपना 36वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। ऐसे में फैंस विक्की कौशल और कटरीना कैफ के बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। एक्ट्रेस ने सेलिब्रेशन की अनदेखी फोटोज शेयर की है। विक्की कौशल के बर्थडे पर कटरीना कैफ उनकी फोटोग्राफर बनीं। एक्ट्रेस ने पति की कई सारी कैंडिड फोटो क्लिक की, जो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी की है। इन तस्वीरों ने ही कटरीना कैफ का राज खोल दिया है कि वो विक्की कौशल के लिए पर्सनल फोटोग्राफर बन गई हैं। फैंस दोनों के इस रोमांस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। कटरीना कैफ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर विक्की कौशल की तीन फोटो शेयर की है।



# कार्तिक के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर में 13 मई को खराब मौसम की वजह से एक बड़ा हादसा हो गया। अचानक आए आंधी-तूफान और तेज बारिश से घाटकोपर के छेदा नगर में एक बड़ा सा होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिरा था। इस हादसे में 16 लोगों की जान चली गई। अब खबर है कि बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के मामा-मामी भी इस हादसे का शिकार हो गए और दोनों की जान चली गई। मुंबई होर्डिंग हादसे में 74 लोग घायल हो गए। बुधवार को घटानस्थल से दो शवों को निकाला गया। मृतक की शिनाख्त रिटायर्ड एअर ट्रैफिक कंट्रोल के जनरल मैनेजर मनोज चनसोरिया और उनकी पत्नी अनीता के तौर पर हुई थी. ये दोनों कार्तिक आर्यन के मामा-मामी थे। कार्तिक आर्यम गुरुवार को इनके अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे।

# कांस में फिर चला ऐश्वर्या राय की नीली आंखों का जादू



**मुंबई।** साल 2002 से लगातार भारत को कांस के विदेशी मंच पर रिप्रेजेंट करने वाली भारतीय एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय अपनी अदाओं और खूबसूरती से लोगों का दिल जीतती आई हैं। वो अपने स्टाइल, आउटफिट और अपने विनम्र भाव से सभी को कायल कर देती हैं। एक्ट्रेस एक बार फिर कांस 2024 का हिस्सा बनी हैं। बीते दिन एक्ट्रेस जैसे ही पहुंचीं उनका भव्य स्वागत हुआ और इसके बाद से बस उन्हीं के चर्चे हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या राय छाई हुई हैं। इस खास मौके पर उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बचपन भी उनको सपोर्ट करने पहुंची हैं। कांस 2024 से उनका पहला लुक भी सामने आ गया है। इस लुक में एक्ट्रेस बला की खूबसूरत लग रही हैं। ऐश्वर्या राय ने ब्लैक, व्हाइट और गोल्ड के काम्बिनेशन में हैवी ट्रेल गाउन कैरी किया है। इस गाउन पर गोल्ड फॉइल वर्क का काम है और व्हाइट स्टेटमेंट स्लीव्स हैं। साथ ही एक लंबी ट्रेल भी है, जिस पर गोल्डन फ्लावर पैच हैं। इस पूरे लुक को एक्ट्रेस ने बड़े गोल्ड हूप्स, मैसी हेयर्स और मिनिमल मेकअप के साथ कंप्लीट किया है। ऐश्वर्या राय का ये लुक इस वक्त खूब चर्चा में हैं और सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इसे डिजाइनर फाल्गुनी शेन ने डिजाइन किया है। आउटफिट के साथ ही एक्ट्रेस की नीली आंखें और कॉन्फडेंट अंदाज की चर्चा हो रही हैं।

# जुगल हंसराज का खतरनाक लुक आउट



**मुंबई।** यशराज बैनर तले बनी कल्ट फिल्म मोहब्बतें फैंस की फेवरेट मानी जाती है। इस मूवी में शाह रुख खान, अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या सहित कई नए कलाकारों ने काम किया था। उनमें से एक जुगल हंसराज भी रहे, जो छोटी सी उम्र से हिंदी सिनेमा में एक्टिव हैं। मोहब्बतें में चॉकलेटी ब्वॉय की इमेज को लेकर जुगल का नाम काफी पॉपुलर हुआ था। हालांकि इसके बाद वह एक्टिंग की दुनिया से कुछ समय के लिए दूरी बना ली थी। लेकिन अब वह कमबैक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनकी अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज से फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसकी वजह से उसे पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। जुगल हंसराज का नाम अपने दौर के सबसे चार्मिंग अभिनेताओं में से एक रहे हैं। हालांकि उम्र के बढ़ते बढ़ाव से उनका लुक अब बदल गया। लेकिन उससे कहीं गुना उनका रूप अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज में बदला हुआ दिख रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म लायन्सगेट इंडिया की एक तरफ से जुगल का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया गया है।

# फिल्म प्रमोशन में नेपोटिज्म पर किया मजाक : जाह्नवी



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव और एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के लिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान राजकुमार राव ने जाह्नवी कपूर पर नेपोटिज्म को लेकर मजेदार अंदाज में तंज कसा। दरअसल, पहले जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर मजाक किया, उसके बाद एक्टर राजकुमार राव ने उनपर तंज कसा। एक इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर बात शुरू की। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि स्कूल में उन्हें कोरस का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन वो अच्छा गा नहीं पाती थीं तो उनके सामने का माइक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि एक महिला ने कहा था कि जाह्नवी के सामने वाला माइक ऑफ कर दो। जाह्नवी के साथ हुए इस किस्से को सुनकर राजकुमार राव ने कहा, "रखा क्यों बेचारी को फिर? मना कर देते। इसके बाद जाह्नवी ने मजाकिया अंदाज में कहा, नेपोटिज्म अफकोर्स, इसलिए तो रखा था मुझे कोरस में। जैसे ही जाह्नवी ने नेपोटिज्म के बारे में बोला, राजकुमार राव ने कहा कि फिर तो ठीक है। फिर तो काश जिंदगी में हम भी बहुत सारे माइक ऑफ कर पाते। जाह्नवी राजकुमार राव की बात सुनकर चौंक गईं और तुरंत उनसे पूछा कि क्या ये उनके लिए टॉन्ट था। इसके बाद, राजकुमार ने कहा कि ये उनके लिए नहीं था। राजकुमार ने उन्हें याद दिलाया कि वो साल 2022 में आई फिल्म रूही के बाद जाह्नवी के साथ दूसरी बार काम कर रहे हैं।


HDFC BANK

## एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

शाखाः अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।**

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में 18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्रीमती देवी सविता** (सह-उधारकर्ता और साथ ही कानूनी उत्तराधिकारी) पति श्री दिले राम के (मृत्यु पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि उत्तराधिकारी और कार्यभारी (मृत्यु पश्चात्). **निवासी**-क्वार्टर. नं. 1B-94, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, SECL, कोरबा - छत्तीसगढ़, पिन-495677- भारत. **अन्य पता :**-प्लॉट-276, फेज़-1, सेक्टर-1, श्री राधे कृष्णा नगर फेज़ 1, सरल क्र. 112-119, 122 123, 138-144, 146, 147, 150 155-161, 164, 216, 709, 106 खसरा के भाग नया खसरा-15000/1, ग्राम-चछानपेरी, तह. अभनपुर, रायपुर-493661. **श्री आलोक आनंद,** श्री दिले राम के पुत्र (मृत्यु पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री दिले राम के कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और कार्यभारी (मृत्यु पश्चात्) **निवासी**- तिमाही। नं. 1b-94, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, SECL, कोरबा - छत्तीसगढ़, पिन- 495677- भारत. **अन्य पता :**- प्लॉट-276, फेज़-1, सेक्टर-1, श्री राधे कृष्णा नगर फेज़ 1, सरल क्रमांक 112-119, 122 123, 138-144, 146, 147, 150 155-161, 164, 216, 709, 106 खसरा के भाग नया खसरा -15000/1, ग्राम-चछानपेरी, तह. अभनपुर, रायपुर-493661. **श्रीमती दिव्यानी** पिता श्री दिले राम के (मृत्यु पश्चात्) कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और कार्यभारी (मृत्यु पश्चात्). **निवासी**-क्वार्टर नंबर 1बी-94, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, SECL, कोरबा - छत्तीसगढ़, पिन-495677- भारत **अन्य पता :**- प्लॉट-276, फेज़-1, सेक्टर-1, श्री राधे कृष्णा नगर फेज़ 1, क्रमांक. क्रमांक 112-119, 122 123, 138-144, 146, 147, 150 155-161, 164, 216, 709, 106 के भाग नया खसरा -15000/1, ग्राम-चछानपेरी, तह.- अभनपुर, रायपुर-493661. | ₹ 2,64,258/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | प्लॉट-276, फेज़-1, सेक्टर-1, श्री राधे कृष्णा नगर फेज़ 1, सरल क्रं. 112-119, 122 123, 138-144, 146, 147, 150 155-161, 164, 216, 709, 106 के भाग नया खसरा-15000/1, ग्राम-चछानपेरी, तह. अभनपुर, रायपुर, छ.ग. |
| 2. | **श्री मढ़रिया राजेश कुमार,** यूनिट-D-9 ग्रीन अर्थ (प्लॉट) सरल क्रं. का भाग (217,218, 226-235, 242-250 ग्राम-अमलेश्वर में) एवं (1496, 1503, 1504, 1516, 1517 ग्राम-सांकरा में) तहसील पाटन, जिला दुर्ग। **अन्य पता :**- कृष्ण सखा सोसायटी, रोहिणीपुरम तालाब के पास, रायपुर - रायपुर, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001- भारत। **अन्य पता :**-सिंह इंफ्रा वेंचर्स, कृष्ण सखा सोसायटी, रोहिणीपुरम, रायपुर - 492001. **श्रीमती मढ़रिया प्रेमलता,** कृष्ण सखा सोसायटी, रोहिणीपुरम तालाब के पास, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001 - भारत। **अन्य पता :**- यूनिट-D-9 ग्रीन अर्थ (प्लॉट), क्रमांक, भाग (217,218, 226-235, 242-250 ग्राम अमलेश्वर में) और (1496, 1503, 1504, 1516, 1517 ग्राम में)-सांकरा तहसील पाटन, जिला दुर्ग. | ₹ 14,72,315/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | यूनिट-D-9 ग्रीन अर्थ (प्लॉट) सरल क्रं. का भाग (217,218, 226-235, 242-250 ग्राम-अमलेश्वर में) एवं (1496, 1503, 1504, 1516, 1517 ग्राम-सांकरा में) तहसील पाटन; जिला दुर्ग छ.ग. |
| 3. | **श्री मानिकपुरी चंद्रहंस दास** (सह-उधारकर्ता और साथ ही कानूनी उत्तराधिकारी) पिता श्री मानिकपुरी चिंता दास के (मृत्यु पश्चात्) कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और कार्यभारी श्री मानिकपुरी चिंता दास (मृतक पश्चात्) मकान नंबर C 381, आदर्श नगर, कुगदा गेट के पास, कुगदा कुम्हारी, दुर्ग छत्तीसगढ़, पिन 491001. **अन्य पता** :- ईडब्ल्यूएस फ्लैट नंबर 177, ब्लॉक-12 ग्राउंड फ्लोर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (ब्लॉक 1 से 12) छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड प्रोजेक्ट डुमरतराई, न्यू धमतरी रोड, रायपुर, छ.ग. **श्रीमती उषा बाई** पति श्री मानिकपुरी चिंता दास की पत्नी (मृत्यु पश्चात्) कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और कार्यभारी श्री मानिकपुरी चिंता दास के (मृत्यु पश्चातं) मकान नंबर C 381, आदर्श नगर, कुम्दा गेट के पास, कुगदा कुम्हारी, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन -491001. **अन्य पता** :- ईडब्ल्यूएस फ्लैट नंबर 177, ब्लॉक-12, ग्राउंड फ्लोर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (ब्लॉक 1 से 12), छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड प्रोजेक्ट डुमरतराई, न्यू धमतरी रोड, रायपुर, छ.ग.-492015. **श्री प्रभाकर दास** पिता श्री मानिकपुरी चिंता दास के (मृतक पश्चात्) कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और कार्यभारी श्री मानिकपुरी चिंता दास के (मृत्यु पश्चात्) मकान नंबर C-381, आदर्श नगर , कुगदा गेट के पास, कुगदा कुम्हारी, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन - 491001. **अन्य पता** :- ईडब्ल्यूएस फ्लैट नंबर 177, ब्लॉक-12, ग्राउंड फ्लोर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (ब्लॉक 1 से 12), छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड प्रोजेक्ट डुमरतराई, न्यू धमतरी रोड, रायपुर, छ.ग.-492015. | ₹ 3,27,781/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | ईडब्ल्यूएस फ्लैट नंबर 177, ब्लॉक-12, ग्राउंड फ्लोर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (ब्लॉक 1 से 12), छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड प्रोजेक्ट डुमरतराई, न्यू धमतरी रोड, रायपुर, छ.ग.-492015. |
| 4. | **श्रीमती ध्रुव मीनू** (सह-उधारकर्ता) पति श्री ध्रुव घसिया राम के (मृत्यु पश्चात्) कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और उत्तराधिकारी और कार्यभारी, श्री ध्रुव घसिया राम के (मृत्यु पश्चात्) **श्रीमती मनीषा ध्रुव** माता श्री ध्रुव घसिया राम के (मृत्यु पश्चात्) कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और उत्तराधिकारी और कार्यभारी श्री ध्रुव घसिया राम (मृत्यु पश्चात्) **निवासी**-शिव मंदिर के पास, सिरगिट्टी, तारबहार, बिलासपुर जिला-छत्तीसगढ़, पिन-495004-भारत। **अन्य पता :**-खसरा नंबर 670/38, पुराना ख. नंबर 670/6 (भाग) प.ह.नं. 23 नया प.ह.नंबर 30, मौजा सिरगिट्टी, सिरगिट्टी नगर पंचायत, बिलासपुर छ.ग.-495001. | ₹ 10,13,467/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | खसरा नंबर 670/38, पुराना खसरा नंबर 670/6 (भाग) प.ह.नं. 23 नया प.ह.नंबर 30, मौजा सिरगिट्टी, सिरगिट्टी नगर पंचायत, बिलासपुर छ.ग. |
| 5. | **श्री बेनेट सुनीता** पति श्री ध्रुव घसिया राम (मृत्यु पश्चात्) (सह-उधारकर्ता और साथ ही कानूनी उत्तराधिकारी पत्नी श्री बेनेट मनोज (मृत्यु पश्चात्) **श्री अमन बेनेट** पुत्र श्री बेनेट मनोज के पुत्र (मृत्यु पश्चात्) श्री बेनेट मनोज के कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और कार्यभारी श्री बेनेट मनोज के (मृत्यु पश्चात्) **निवासी**:- मकान नं. 198 B,1, Ua टाइप, वार्ड नंबर 07, राधाकृष्णन वार्ड, दल्लीराजहरा, दुर्ग-बालोद, छत्तीसगढ़, पिन-491228. **अन्य पता** :-खसरा नं. 322/12 एवं 322/26, प.ह.नंबर 28, प्लॉट नंबर 230, हाउस शीट नंबर 18, मौजा तखतपुर, शरण नगर वार्ड नंबर 3, बिलासपुर-495330. | ₹ 11,34,990/- as on 31-MAR-2024* | 26-APR-2024 | खसरा नं. 322/12 एवं 322/26, प.ह.नंबर 28, प्लॉट नंबर 230, हाउस शीट नंबर 18, मौजा तखतपुर, शरण नगर वार्ड नंबर 3, बिलासपुर-छ.ग. |
| 6. | **श्रीमती नेताम मीनादेवी** (सह-उधारकर्ता) पति मुरलीधर नेताम, 245 / A, वार्ड-59, रिसाली सेक्टर, सिविक सेंटर भिलाई-भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन-490006 -भारत **श्रीमती नेताम मीनादेवी** पति श्री नेताम मुरलीधर के (मृत्यु पश्चात्) कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और कार्यभारी श्री नेताम मुरलीधर के (मृत्यु पश्चात्), खसरा नं. 453/4, प.ह.नं. 19/22, मौजा रिसाली प्रियंका नगर, वार्ड नं. 61, भिलाई, दुर्ग 490006, **अन्य पता** :-245 / A, वार्ड-59, रिसाली सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई - भिलाई, दुर्ग-छत्तीसगढ़, पिन-490006-भारत | ₹ 13,60,409/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | खसरा नं. 453/4, प.ह.नं. 19/22, मौजा रिसाली प्रियंका नगर, वार्ड नं. 61, दुर्ग छ.ग. |
| 7. | **श्रीमती चारु लता साहसी** पति श्री कुमार अमर के (मृत्यु पश्चात्) कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और कार्यभारी श्री अमर कुमार के (मृत्यु पश्चातं) **श्रीमती कौशल्या देवी गुप्ता** माता श्री कुमार अमर के (मृत्यु पश्चात्) कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और कार्यभारी श्री अमर कुमार के (मृतक पश्चात) फ्लैट-A-107, मंजिल-1, विजय शिखर, सरल क्र., खसरा नं. 23/1 प.ह.नं. 20/31, ग्राम-लिंगियाडीह, बिलासपुर-495001. **अन्य पता :**- द्वारा सुरेश कुमार मिश्रा, गार्डन सिटी, प्लॉट नंबर-42, बिलासपुर - बिलासपुर-छ.ग., राजकिशोर नगर, बिलासपुर जिला (म.प्र.) - छत्तीसगढ़, पिन-495001-भारत। | ₹ 29,49,378/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | फ्लैट-A-107, मंजिल-1, विजय शिखर, सरल क्र., खसरा नं. 23/1 प.ह.नं. 20/31, ग्राम-लिंगियाडीह, बिलासपुर-छ.ग. |
| 8. | **श्रीमती आयशा मोहनन** माता श्री टी.एम. मनीष के (मृत्यु पश्चात्) कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और कार्यभारी श्री टी.एम. मनीष के (मृत्यु पश्चात्) फ्लैट-409, चौथी माला, अविनाश आशियाना, ब्लॉक G, सरल क्रं., खसरा नं. 4/2, 4/3, 6/1, 4/5 4/11, 6/3, 4/6, 4/7, 6/4, प.ह.नं. 37, ग्राम-कोटा। | ₹ 9,28,524/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | फ्लैट-409, चौथी माला, अविनाश आशियाना, ब्लॉक G, सरल क्रं., खसरा नं. 4/2, 4/3, 6/1, 4/5 4/11, 6/3, 4/6, 4/7, 6/4, प.ह.नं. 37, ग्राम-कोटा, रायपुर छ.ग. अन्य छ.ग. |
| 9. | **श्री ठाकुर आर्यवीर सिंह, श्री ठाकुर आदर्श सिंह,** फ्लैट-402, फ़्लोर-3, भाग्य श्री टावर्स, स. क्रमांक., खसरा क्रमांक 137/1-2(नया 137/15), प.ह. नंबर 21; हरिजन, मुहल्ला; विष्णु नगर, कुदुदण्ड बिलासपुर-495001. **अन्य पता :**-वार्ड नंबर 15, मुंगेली नाका, स्विमिंग पूल के पीछे, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 495001-भारत। **अन्य पता :**-सुश्री आशु जनरल स्टोर, दुकान नंबर 7, महिला समृद्धि बाजार, नेहरू नगर, बिलासपुर, छ.ग.- 495001. | ₹ 17,03,877/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | फ्लैट-402, फ़्लोर-3, भाग्य श्री टावर्स, स. क्रमांक., खसरा क्रमांक 137/1-2(नया 137/15), प.ह. नंबर 21; हरिजन, मुहल्ला; विष्णु नगर, कुदुदण्ड बिलासपुर-छ.ग. |
| 10. | **श्रीमती मेने प्रीति, श्री मेने उदय वसंत,** निवासी.- खसरा नं.167/14, प.ह.नं.105/47/59, मौजा-चंगोराभाठा, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड नं.67, रा.नि.मं. रायपुर-1, रायपुर छ.ग.- 492013. **अन्य पता :**- सेक्टर-3, गली 10, नवनीत विद्या मंदिर के सामने, प्रोफ़ेसर कॉलोनी, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001-भारत। **अन्य पता :**- मेसर्स. साई ऑटो सेल्स, ब्लॉक A, स्ट्रीट 13, करण नगर, न्यू चंगोरा भाटा, रायपुर - रायपुर -492013. **मेसर्स शिवम सेल्स कॉर्पोरेशन** मालिक के माध्यम से - श्री मेने उदय वसंत, ब्लॉक - A, स्ट्रीट 13, करण नगर, न्यू चंगोरा भाटा, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन -492013- भारत। | ₹ 23,49,109/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | खसरा नं.167/14, प.ह.नं.105/47/59, मौजा-चंगोराभाठा, जिला रायपुर, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड नं.67, रा.नि.मं. रायपुर-1, रायपुर छ.ग. |
| 11. | **श्री राठौड़ लक्ष्मीकांत, श्रीमती राठौड़ कौशिल्या,** प्लॉट खसरा क्रमांक 403/3, रॉ हाउस खसरा नं. 403/3, ग्राम-जगदल्ला, प.ह.नं. 03, गुरु घासीदास वार्ड (नं. 27), ब्लॉक बम्हनीडीह-कोरबा-छत्तीसगढ़-495688. **अन्य पता** :- वार्ड नंबर 27 तहसील रोड, मनका पब्लिक स्कूल के पास, जगदल्ला चांपा, जांजगीर-चांपा - छत्तीसगढ़, पिन - 495688. **अन्य पता** :- मेसर्स लक्ष्मी बोरवेल्स, मंझली तालाब, चांपा, जांजगीर - जांजगीर चांपा - 495668. | ₹ 16,19,492/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | प्लॉट खसरा क्रमांक 403/3, रॉ हाउस खसरा नं. 403/3, ग्राम-जगदल्ला, प.ह.नं. 03, गुरु घासीदास वार्ड (नं. 27), ब्लॉक बम्हनीडीह-कोरबा-छ.ग. |
| 12. | **श्रीमती शशिकला, श्री यादव योगेन्द्र,** यूनिट-नं.-243, गैलेक्सी आई-लैंड, C.A.G. ऑफिस. सरल क्र., खसरा नं. 16, 17, 18, 30 से 39, 74 (भाग) नया खसरा नं. 15003. प.ह.नं. पुराना - 111/41, नया 75, ग्राम-सांकरी, रायपुर-492005. **अन्य पता :**- ग्राम रमानीपुर, निज़ामाबाद, आज़मगढ़, निज़ामाबाद - उत्तर प्रदेश, पिन -276206- भारत। | ₹ 30,45,587/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | यूनिट-नं.-243 , गैलेक्सी आई-लैंड, C.A.G. ऑफिस. सरल क्र., खसरा नं. 16, 17, 18, 30 से 39, 74 (भाग) नया खसरा नं. 15003. प.ह.नं. पुराना-111/41, नया 75, ग्राम-सांकरी, रायपुर, छ.ग. |
| 13. | **श्री सावनकर बागी कुमार, श्रीमती सावनकर बिंदेश्वर सुरेंद्र,** यूनिट-154-5a, वीआईपी सिटी सेक्टर 5, सरल क्रमांक, खसरा नं. 137, 135, 116/3, 118 से 120, 122, 128, 132/1, 133/1, 140/1, 334 340, 346/2-3-4-8, 348/1-4-7-8 351/1, 352, 327/6, प.ह.नं..96, परसुलीडीह। **अन्य पता** :- शिव एन्क्लेव, सेक्टर 03 सडंडू, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001. **अन्य पता :**- मेसर्स. बागी कुमार सावनकर, द्वारा-आरती इन्फ्रास्ट्रक्चर, शंकर नगर, अशोका रतन, रायपुर - रायपुर - 492001. | ₹ 34,76,413/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | यूनिट-154-5a, वीआईपी सिटी सेक्टर 5, सरल क्रमांक, खसरा नं. 137, 135, 116/3, 118 से 120, 122, 128, 132/1, 133/1, 140/1, 334 340, 346/2-3-4-8, 348/1-4-7-8 351/1, 352, 327/6, प.ह.नं..96, परसुलीडीह, रायपुर (छ.ग.) |
| 14. | **श्री सराफ विशाल, श्रीमती सराफ दिव्या,** फ्लैट-03, फ्लोर-7, ओवरसीज पाम रिसॉर्ट्स, ब्लॉक A, क्रमांक, खसरा नंबर 91/1-2, प.ह.नं. 44, ग्राम-सड्डू, रायपुर-492014. **अन्य पता** :- हाउस नंबर-01, तुलसी विला, खम्हारडीह रोड, शंकर नगर, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन -492001- भारत। **अन्य पता** :- विशाल इंटरप्राइजेज, दुकान नंबर-15, नयापारा, लकेर लाइन, रायपुर -492001. | ₹ 40,18,857/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | फ्लैट-03, फ्लोर-7, ओवरसीज पाम रिसॉर्ट्स, ब्लॉक A, क्रमांक, खसरा नंबर 91/1-2, प.ह.नं. 44, ग्राम-सड्डू, रायपुर-492014. |
| 15. | **श्री अग्रवाल मनीष, श्री अग्रवाल रोहित, श्रीमती अग्रवाल नीटू** **निवासी**:- यूनिट-143, क्रेस्ट ग्रीन्स, क्रमांक. भाग (ख नं. 18 से 38 159,161,170 to 178, 180, 780 से 789, 798) ग्राम- कोटा एवं ग्राम-चिरहुलीडीह; तहसील एवं जिला- रायपुर, छ.ग. पिन-492010. **अन्य पता :**- 5/207, राठौड़ चौक, रामसागर पारा, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001-भारत। **अन्य पता :**-मेसर्स होटल राधे इन, रामसागरपारा, रायपुर-रायपुर - 492001. | ₹ 2,05,03,638/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | यूनिट-143, क्रेस्ट ग्रीन्स, सरल क्रमांक. ख नं. का भाग 18 से 38 159,161,170 to 178, 180, 780 से 789, 798) ग्राम-कोटा एवं ग्राम-चिरहुलीडीह; तहसील एवं जिला- रायपुर. |
| 16. | **श्रीमती नागदेवे सोनम, श्रीनागदेवे रितेश,** प्लॉट-नं.-एल-55, लोटस सिटी, क्रमांक. भाग क्रमांक 51-53, 57-59 72, 73, 80, 81,83,84, 86-89,92-104 107-123,128-131, 142, 143148-178, 203, प.ह.नं. 4, ग्राम परसदा, तहसील पाटन, दुर्ग-पिन-491111. **अन्य पता :**- द्वारा मनहरण सिंह पैकरा, लवन रोड, परसाभदर, बलौदा बाजार - छत्तीसगढ़, पिन - 493332-भारत **अन्य पता :**- रूम टू रीड, बलौदा बाजार, इंडिया ट्रस्ट धुरंधर निवास, Rtr. कार्यालय,. इंदिरा कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 4-बलौदा बाजार-493332. | ₹ 4,46,561/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | प्लॉट-नं.-एल-55, लोटस सिटी, क्रमांक. भाग क्रमांक 51-53, 57-59 72, 73, 80, 81,83,84, 86-89,92-104 107-123,128-131, 142, 143148-178, 203, प.ह.नं. 4, ग्राम परसदा, तहसील पाटन, दुर्ग, छ.ग. |
| 17. | **श्री अमर कुमार,** यूनिट-D-78, गार्डन एस्टेट, क्रमांक, ख.नं. 774, 776,783, 784, 787 789, 775, 788, 800, 802, 803, 815, 801/1689, 989, 990, 991, 992, ग्राम-महापुरा, सेजरोड, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान, पिन-302029. **अन्य पता** :- ई/222, बटालियन सीआरपीएफ, माटवाड़ा, माटवाड़ा - बीजापुर S.O. दंतेवाड़ा-बीजापुर - छत्तीसगढ़, पिन -494444. **अन्य पता** :-केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, बीजापुर, A/222 बटालियन सीआरपीएफ जांगला-बीजापुर S.O.-494450. | ₹13,47,749/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | यूनिट-D-78, गार्डन एस्टेट, क्रमांक, ख.नं. 774, 776,783, 784, 787 789, 775, 788, 800, 802, 803, 815, 801/1689, 989, 990, 991, 992, ग्राम-महापुरा, सेजरोड, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान. |
| 18. | **श्री टंडन प्रीतम, श्री टंडन शिव प्रसाद, श्रीमती टंडन मुन्नी,** खसरा नंबर 1179/5, प.ह.नंबर 22, प्लॉट नंबर 18, हाउस शीट नंबर 14, मौजा तोरवा, शहीद हेमू नगर वार्ड नंबर 38 बिलासपुर, पिन-495001. **अन्य पता :**- 251/38 वार्ड 38, हेमू नगर, शिव मंदिर, बिलासपुर रेलवे स्टेशन - शिव मंदिर वार्ड नंबर 38, बिलासपुर छ.ग., पिन - 495004. **अन्य पता :**-मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, बिलासपुर, घनश्याम चैंबर, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर - बिलासपुर-छ.ग.- 495001. | ₹ 38,24,123/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | खसरा नंबर 1179/5, प.ह.नंबर 22, प्लॉट नंबर 18, हाउस शीट नंबर 14, मौजा तोरवा, शहीद हेमू नगर वार्ड नंबर 38 बिलासपुर, छ.ग. |
| 19. | **श्री सोनी मनीष कुमार, श्री सोनी रमेशा, श्रीमती सोनी किरण,** प्लॉट नंबर 25/302, मकान नंबर 25/302, सत्य नारायण मंदिर, कंकालीपारा वार्ड के पास, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन -492001- भारत। **अन्य पता** :-मकान नंबर-25/299, सत्यनारायण मंदिर के पास, कंकाली पारा, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन -492001-भारत। **अन्य पता :**- द्वारा कपिल पात्र भंडार, सत्य नारायण मंदिर के पास, कंकाली पारा, - रायपुर - 492001. **श्री सोनी मनोज कुमार,** सेक्टर-II-39, पार्षद हाउस के पास, अमलीडीह रोड, विद्या नगर, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001- भारत **अन्य पता :**- प्लॉट नंबर 25/302, मकान नंबर 25/302, सत्य नारायण मंदिर के पास, कंकालीपारा वार्ड, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन-492001- भारत। | ₹ 11,88,207/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | प्लॉट नंबर 25/302, मकान नंबर 25/302, कंकालीपारा वार्ड, रायपुर, छ.ग. |
| 20. | **श्रीमती सजवानी कामना, श्री सजवानी विनोद कुमार**, फ्लैट-नंबर-69-B-6-द्वितीय तल, अभिलाषा परिसर ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स, तिफरा, बिलासपुर छ.ग.- 495001. **अन्य पता** :- 8 गली नंबर 1, सिंधी कॉलोनी, जरहाभाटा, बिलासपुर, जिला। (म.प्र.)छत्तीसगढ़, पिन-495001. | ₹ 4,92,049/- as on 31-MAR-2024* | 29-APR-2024 | फ्लैट-नंबर-69-B-6-द्वितीय तल, अभिलाषा परिसर ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स, तिफरा, बिलासपुर छ.ग. |
| 21. | **श्री जैन जितेन्द्र, श्रीमती जैन भाविका, श्रीमती जैन चंद्रा बाई,** द्वितीय तल, फ्लैट नंबर-2106, शांति रेसीडेन्सी, स.क्र., खसरा नं. 438/3, 439/5-6-8-15-16-17, प.ह.नं. 114, ग्राम-टिकरापारा, रायपुर-492001. **अन्य पता** :- वार्ड 46, मकान नं. 08, गुलाब जैन कॉलोनी, आम्रपाली सोसायटी के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर-492001. | ₹ 29,19,419/- as on 30-APR.-2024* | 14-MAY-2024 | द्वितीय तल, फ्लैट नंबर-2106, शांति रेसीडेन्सी, स.क्र., खसरा नं. 438/3, 439/5-6-8-15-16-17, प.ह.नं. 114, ग्राम-टिकरापारा, रायपुर, छ.ग. |

*** अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क, जैसा लागू हो आदि।**

**यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।**

**उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।**

**स्थान : रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा (छ.ग.)** — **कृते / प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक : 18.05.2024** — **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**

**पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई-400020**

ASA

## उत्कृष्टता का सम्मान


गौरव शर्मा ( रायपुर)


स्वप्निल गौरखेड़े (रायपुर)


संतोष कश्यप ( अंबिकापुर)


राजिव लोचन (सक्ती)


देवेश साहू ( बलौदा बाजार)


घनश्याम सोनी (बलरामपुर)


आदर्श श्रीवास्तव ( रायपुर)


सुमित बढ़ाई बांधे (पखांजूर)


संजय यादव ( कवर्धा)


आनंद ओझा (दुर्ग)

# समय के साथ ढलना जरूरी

हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि पत्रकारों को समय के साथ-साथ अपडेट रहना बेहद जरूरी है। इससे हम पाठकों और दर्शकों को बेहतर जानकारी दे सकेंगे।




बैठक में आईएनएच 24X7 के विभागाध्यक्ष महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करते हुए।



## बैठक के कुछ यादगार पल...













## निष्ठा का सम्मान इन्हें...


नौशाद अहमद (सूरजपुर)


मुकेश बैस (जांजगीर)


महेंद्र कुमार पाण्डेय (अभनपुर)






पवन साहू (आरंग)


आनंद मिश्रा ( रायपुर मार्केटिंग)


जय किशन यादव (मशीन विभाग)

## जैकेट के शेष

### भाटापारा में चारपहिया .....

से चलाते हुए मोटरसाइकिल को एक्सीडेंट कर दिया गया। जिससे मोटरसाइकिल में सवार तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। स्कार्पियो चालक मौके पर अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया। स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर लिया गया है। आरोपी वाहन चालक की तलाश पुलिस रही है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू दी है।

### सीमांकन के लिए .....

एसीबी के अनुसार तोरवा निवासी प्रार्थी प्रवीण कुमार ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की थी कि ग्राम तोरवा में उनकी भूमि है। उसका सीमांकन कराने के लिए उन्होंने नियामानुसार आवेदन दिया था। सीमांकन के लिए उन्होंने जूना बिलासपुर के राजस्व निरीक्षक संतोष देवांगन से संपर्क किया। आरआई ने सीमांकन कार्य के बदले 2.50 लाख रूपए रिश्वत की मांग की। उसने प्रथम किस्त के रूप में 17 मई शुक्रवार को 1 लाख रुपए लेकर प्रार्थी को बिलासपुर तहसील कार्यालय बुलाया। प्रार्थी प्रवीण सीमांकन के लिए रिश्वत नहीं देना चाहते थे, उन्होंने आरआई को रंगे हाथों पकड़वाने एसीबी से शिकायत की। अफसरों ने शुक्रवार को बिलासपुर तहसील कार्यालय में आरआई को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ने जाल बिछाया। सुबह लगभाग 11 बजे प्रार्थी प्रवीण 1 लाख रूपए लेकर बिलासपुर तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां आरआई संतोष देवांगन को रिश्वत के रूपए के साथ एसीबी की टीम ने पकड़ लिया।

**तहसील कार्यालय में सीमांकन के लिए 1 लाख घूस लेते आरआई को एसीबी ने पकड़ा** : तोरवा की जमीन का सीमाकंन करने 2.50 लाख रूपए की थी मांग,पहली किश्त देने एसीबी ने बिछाया जाल, रंगे हाथ पकड़ाया राजस्व निरीक्षक।

**कार्रवाई से तहसील में मचा हड़कंप** : सुबह 11 बजे से ही एसीबी की टीम बिलासपुर तहसील कार्यालय में मौजूद थी, जैसे ही रिवश्त लेते आरआई संतोष देवांगन को पकड़ा गया। खबर पूरे तहसील कार्यालय में फैल गई और कार्यालय में हड़कंप मच गया। आधे से ज्यादा अधिकारी, कर्मचारी तो अपनी कुर्सी छोड़ गायब हो गए।

**5 घंटे तक बंद कमरे में पूछताछ** : रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद एसीबी की टीम ने आरआई को तहसील के आरआई कक्ष में ही बैठा दिया। 12 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक प्रार्थी सहित आरआई देवांगन से एसीबी की टीम पूछताछ करती रही। इस बीच अन्य कर्मचारियों को वहां से निकाल दिया गया था। ऐसे में शुक्रवार को तहसील की इस शाखा में कोई काम नहीं हो पाया। काम लेकर तहसील पहुंच लोग बंद कमरे के बाहर घंटों जमावड़ा लगाकर बैठे नजर आए।

**भूअर्जन के शाखा का है प्रभारी** : एसीबी ने जिस रिश्वतखोर आरआई संतोष देवांगन को हिरासत में लिया है। उसे कुछ दिनों पहले शहर के पटवारी और आरआई के तबादले के बाद जूना बिलासपुर आरआई का प्रभार दिया गया था। इसके साथ ही आरआई देवांगन भूअर्जन शाखा का भी प्रभारी था। प्रार्थी सहित कुछ अन्य लोगों ने बताया कि यहां सड़क निर्माण में जमीन आने पर किसानों को जमीन का मुआवजा दिया जाता था। लेकिन रिश्वत नहीं मिलने पर यहां सालों से कई मामले पेंडिंग हैं।

**रायगढ़ में 5 हजार रिश्वत लेते डिप्टी रेंजर गिरफ्तार** : जंगली मुर्गा मारने के केस में जेल भेजने का डर दिखाकर 8 हजार रूपए रिश्वत मांगने वाले रायगढ़ के डिप्टी रेंजर को 5 हजार रूपए रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा है। प्रार्थी जगमोहन मांझी ने एसीबी से शिकायत की थी कि वो जब झाड़फूक कर जंगल के रास्ते वापस आ रहा था, तो वहां रायगढ़ के डिप्टी रेंजर मिलन भगत ने पकड़ लिया और घरघोड़ा रेंज के जंगल में जगली मुर्गा मारने का डर दिखा जेल भेजने की बात कही। इससे बचने 8 हजार का रिश्वत मांगा। डिप्टी रेंजर ने प्रार्थी से 3 हजार रूपए उसी समय ले लिया। बाकि राशि लेकर 17 मई को आने कहा। प्रार्थी की शिकायत पर एसीबी ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को घरघोड़ा रेंज के डिप्टी रेंजर मिलन भगत को रंगे हाथों पकड़ लिया।

### अंबिकापुर में 35 हजार .....

बारी के वीरेंद्रनगर निवासी रिश्तेदार ने वाड्रफनगर स्थित भूमि के औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन का आवेदन एसडीएम कार्यालय वाड्रफनगर में किया था। एसडीएम कार्यालय द्वारा डायवर्सन के आवेदन को अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय अंबिकापुर भेजा गया था। इस दौरान जब युवक नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय पहुंचा तो डायवर्सन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के नाम पर सहायक संचालक बालकृष्ण चौहान और मानचित्रकार निलेश्वर कुमार ध्रुव ने 35 हजार रुपए की मांग की। रिश्वत मांगने की शिकायत वसीम बारी ने एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्यालय में की थी। शिकायत के बाद एसीबी द्वारा शिकायत की जांच की गई और सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने के बाद शुक्रवार को टीम को ट्रैप के लिए नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय भेजा गया। इस दौरान जैसे ही सहायक संचालक बालकृष्ण चौहान व सहायक मानचित्रकार निलेश्वर कुमार ध्रुव ने 35 हजार रुपए की रिश्वत ली, टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी ने आरोपियों के खिलाफ धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है।

### जल संसाधन का .....

शिकायत पर कार्रवाई की गई है। ग्राम पंचायत ओटेन्डा में एनीकट निर्माण में एक्सटेंशन के लिए सात लाख की डिमांड थी। उसकी पहली किश्त के रुप में 50 रुपए दिए गए। एसीबी की टीम दोपहर तक कार्रवाई करती रही और शाम को ईई मेश्राम को न्यायालय में पेश किया गया। गौरतलब है कि कोंडागांव में सालभर पहले इसी जल संसाधन विभाग के पूर्व कार्यपालन अभियंता आरबी सिंह, एसडीओ आरबी चौरसिया और सब इंजीनियर डीके आर्य पर भी रिश्वत के मामले में एसीबी की टीम कार्रवाई कर चुकी है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

# पाकिस्तान बंद करे आतंक की फैक्ट्री भारत बिल्कुल 'बर्दाश्त' नहीं करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत में सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करता है तो उसको गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। पाकिस्तान अपने देश में आतंकवाद का पनाहगार बना हुआ है। भारत ने पाकिस्तान को खुले शब्दों में चेतावनी दी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत में सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करता है तो उसको गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत में किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवाद गतिविधि के प्रति सहनशीलता बहुत कम है। दिल्ली में सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान लगातार अपने देश में आतंकवाद का पनाहगार बना हुआ है। विदेश मंत्री ने इस दौरान आतंकवाद के प्रति एक बार फिर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि साल 2014 में ही देश ने स्पष्ट निर्णय लिया था कि वे किसी भी सीमा पार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगा।



### पाकिस्तान को बंद करना होगा आतंक

*उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान अपने देश में लगातार आतंकियों को बढ़ावा दिया है। हालांकि, अगर वह इस तरह की हरकतों और अपने यहां पनपे इस उद्योग को बंद कर देता है तो भारत के लोग भी उसके साथ सामान्य पड़ोसी की ही तरह व्यवहार करेंगे।*


**भारत ने 2014 में दिया था स्पष्ट निर्णय**

विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत के लोगों ने 2014 में बहुत स्पष्ट निर्णय लिया था कि वे इसे स्वीकार नहीं करेंगे। देश किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवाद गतिविधि के लिए सहिष्णुता बहुत कम है। घटनाएं भारत सहन बिलकुल नहीं करेंगा।

### चीन से सीमा विवाद अधिक जटिल

*चीन पर बोलते हुए उन्होंने ड्रैगन के साथ सीमा विवादों को अधिक जटिल बताया। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ संबंधों की जटिलता के तीन पहलू हैं। एक बुनियादी पहलू यह है कि सीमा क्षेत्र में शांति भंग हो गई है। जयशंकर ने कहा कि अगर कोई देश लिखित समझौते से पीछे हट गया है और भारत की सीमाओं पर कुछ कर रहा है, तो हम यह नहीं कह सकते कि व्यापार सामान्य रूप से जारी रहेगा और अन्य चीजें नहीं होंगी। दूसरे मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि चीन से संबंध व्यापार असंतुलन का मुद्दा भी है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापारिक समुदाय के साथ हमारी कुछ चुनौतियां है। हमारे यहां व्यापारी अभी भी कीमतों पर आधारित विकल्प चुन रहे हैं। मैं व्यापार की मजबूरी को समझता हूं लेकिन लंबे समय में, हमें यह देखना होगा कि हम व्यवसायों को और अधिक कैसे प्रोत्साहित कर सकते हैं।*

## खूबसूरत यमुनोत्री धाम...



उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में शुक्रवार को चार धाम यात्रा के दौरान यमुनोत्री धाम का एक दृश्य।

## पेज एक के शेष

### हरिभूमि की खबर पर...

कि रेलवे ट्रेनों में एसी कोच लगाने लगातार जरनल कोच की संख्या घटा रहा है। इसके साथ ही ट्रेनों में भारी भीड़ से लगातार यात्रियों की तबीयत बिगड़ी रही है, खबर भी प्रकाशित की थी, जिस पर अब रेलवे ने पूरे मामले में संज्ञान में लेते हुए ट्रेनों में फिर से जनरल कोच बढ़ाने का फैसला लिया है। रेलवे ने आदेश जारी कर बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से एलएचबी कोच के साथ चलने वाली सभी ट्रेनों में दोनों तरफ सामान्य कोच की सुविधा मिलेगी। 19 एक्सप्रेस ट्रेनों में 38 जनरल जुड़ेंगे। गर्मियों की छुट्टी में 58 समर स्पेशल चलाने के बाद भी रेगुलर एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ इतनी बढ़ गई थी कि सफर करना मुश्किल हो गया था। जरनल कोच में कोई अटककर तो कोई लटककर सफर करने को मजबूर था। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है।

**इन ट्रेनों में...**

- 20843/20844 बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से दिनाँक 27 मई 2024 से एवं भगत की कोठी से 30 मई 2024 से मिलेगी।
- 22843/22844 बिलासपुर-पटना-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से दिनाँक 24 मई 2024 से एवं पटना से 26 मई 2024 से मिलेगी।
- 22815/22816 बिलासपुर-एरणाकुलम-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से दिनाँक 27 मई 2024 से एवं एरणाकुलम से 29 मई 2024 से मिलेगी।
- 12849/12850 बिलासपुर-पुणे-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से दिनाँक 30 मई 2024 से एवं पुणे से 31 मई 2024 से मिलेगी।
- 12851/12852 बिलासपुर-चेन्नई-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से दिनाँक 02 जून 2024 से एवं चेन्नई से 03 मई 2024 से मिलेगी।
- 12853/12854 दुर्ग-भोपाल-दुर्ग, अमरकंटक एक्सप्रेस में दुर्ग से दिनाँक 22 मई 2024 से एवं भोपाल से 23 मई 2024 से मिलेगी।
- 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से दिनाँक 23 मई 2024 से एवं नौतनवा से 25 मई 2024 से मिलेगी।
- 18207/18208 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से दिनाँक 27 मई 2024 से एवं अजमेर से 28 मई 2024 से मिलेगी।
- 20847/20848 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन(ऊधमपुर)-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से दिनाँक 22 मई 2024 से एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन(ऊधमपुर) से 24 मई 2024 से मिलेगी।
- 18213/18214 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से दिनाँक 26 मई 2024 से एवं अजमेर से 27 मई 2024 से मिलेगी।
- 12823/12824 दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग, संपर्कक्रांति एक्सप्रेस में दुर्ग से दिनाँक 23 मई 2024 से एवं निजामुद्दीन से 24 मई 2024 से मिलेगी।
- 18249/18250 रायपुर-कोरबा-रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस में रायपुर से दिनाँक 22 मई 2024 से एवं कोरबा से 23 मई 2024 से मिलेगी।
- 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से दिनाँक 22 मई 2024 से एवं नौतनवा से 24 मई 2024 से मिलेगी।
- 18203/18204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग, बेतवा एक्सप्रेस में दुर्ग से दिनाँक 26 मई 2024 से एवं कानपुर से 27 मई 2024 से मिलेगी।
- 12549/12550 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन (ऊधमपुर)-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से दिनाँक 28 मई 2024 से एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन(ऊधमपुर) से 30 मई 2024 से मिलेगी

### ईडी ने पहली बार...

दावा किया है कि जब केजरीवाल ने अपने फोन और अन्य उपकरणों का पासवर्ड देने से मना किया तो हवाला ऑपरेटरों के डिवाइश से चैट बरामद की गई। आम आदमी पार्टी के खिलाफ चार्जशीट दायर होने के बाद अब पार्टी के पदाधिकारियो की मुश्किलें भी बढ़ सकती है। पार्टी के संयोजक होने के नाते अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें अभी और बढ़ सकती है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि उसे आबकारी नीति मामले में अपराध की कथित आय के संबंध में अरविंद केजरीवाल और हवाला ऑपरेटरों के बीच चैट का पता चला है।

**हवाला ट्रांसफर के सबूत** : जस्टिस खन्ना ने कहा कि ईडी का कहना है कि उनके पास आंध्र प्रदेश से लेकर गोवा चुनावों में हवाला ट्रांसफर के सबूत हैं। इस पर केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी के आधार में ये कोई सबूत नहीं है। वहीं एएसजी राजू ने सिंघवी के जवाब पर आपत्ति जताई।

### साय बोले- ओडिशा में...

पचास हजार रुपए का लोन देगी। ओडिशा की पच्चीस लाख दीदियों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। यहां के पांच लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। यहां पंद्रह लाख प्रधानमंत्री आवास बनाए जाएंगे। इसीलिए आने वाले चार जून को बीजेडी सरकार की एक्सपायरी डेट है और दस जून को यहां पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। श्री साय ने ओडिशा की जनता को डबल इंजन सरकार के फायदे गिनाएं और कहा, मात्र 4 महीने में छत्तीसगढ़ में उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किए हैं। बीजेडी सरकार को घेरते हुए सीएम साय ने कहा, यहां चौबीस वर्षों से नवीन पटनायक की सरकार है, मगर दुर्भाग्य कि चौबीस वर्षों में वे ओड़िया नहीं सीख पाए, तो वो ओडिशा के लोगों की तकलीफ को कैसे समझेंगे। लोग कहते हैं कि ओडिशा की सरकार को नवीन बाबू नहीं कोई दूसरा आदमी चला रहा है। यह बड़ी विचित्र बात है। उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ आम आदमी को न मिलने का आरोप लगाया और कहा बीजेडी सरकार ने केंद्र की योजना का नाम बदलकर बीजू स्वास्थ्य योजना कर दिया। लेकिन राज्य के प्राइवेट हॉस्पिटल में इसका लाभ गरीबों को नहीं मिलता है। यह दुर्भाग्यजनक है।

### मोदी का कोई...

प्रतिदिन 18 घंटे काम करते हैं। 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं। उन्होंने गरीबों को गैस सिलेंडर देने, पक्के घर देने, स्वच्छ पानी, मुफ्त उपचार की सुविधा, बैंक खाता खुलवाने से लेकर शौचालय बनवाने का काम किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनवाने, जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने के साथ देश को आतंकवाद से मुक्ति दिलाने का काम पिछले दस साल में मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है। उनका कोई विकल्प ही नहीं है।

### दुर्घटना नहीं, डिप्टी...

मेन रोड पर कृषि उपज मंडी के पास एक अज्ञात बोलेरो वाहन की चपेट में आने से हीरो ग्लैमर बाइक में सवार काष्टागर फॉरेस्ट कॉलोनी धरमजयगढ़ निवासी सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय तिवारी पिता गोकुल प्रसाद तिवारी उम्र 53 वर्ष को गंभीर चोंटे आई थीं। उन्हें घायल अवस्था में उपचार के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। थाना धरमजयगढ़ थाने में मर्ग पश्चात अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 304 ए आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान प्रत्यक्षदर्शी गवाहों एवं सीसीटीवी फुटेज से अज्ञात बोलेरो वाहन का पता लगाया गया जिसमें बोलेरो क्रमांक सीजी 13 यूई 0377 द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने के साक्ष्य मिले। पुलिस टीम सूचना पर ग्राम बेहरापारा में दबिश देकर वाहन चालक बसंत कुमार यादव पिता बालमुकुंद यादव उम्र 50 साल को हिरासत में ले लिया। आरोपी बसंत कुमार यादव का पूर्व से संजय तिवारी से रंजिश चल रहा था। पुलिस ने प्रकरण में धारा 304 ए आईपीसी हटाकर आरोपी द्वारा हत्या करना पाए जाने पर धारा 302 आईपीसी जोड़कर घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन एवं वाहन के दस्तावेज को जब्त किया है। आरोपी को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### ऐसे दिया वारदात का...

तिवारी का पीछा किया और कृषि उपज मंडी के पास संजय तिवारी की बाइक को बोलेरो वाहन से टक्कर मार दी, जिससे संजय तिवारी सड़क पर गिर गए। आरोपी ने गाड़ी के साइड ग्लास से संजय तिवारी को देखा तो उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई थी तब बसंत यादव ने गाड़ी को बैक कर संजय तिवारी की गाड़ी को पीछे से फिर टक्कर मार दी, जिससे संजय तिवारी के सिर, माथे पर गंभीर चोटें आई इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

## सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# संविधान पीठ का फैसला कम संख्या वाली पीठ को मानना बाध्यकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि जजों की कम संख्या वाली पीठों पर संविधान पीठ का फैसला बाध्यकारी होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अप्रैल 2022 के एक फैसले का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी की। 7 अप्रैल 2022 के एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोई पंचायत उस जमीन पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती, जो हरियाणा के भूमि कानून के तहत असली मालिकों से मंजूर अधिकतम सीमा तक ली गई हो। शीर्ष अदालत ने कहा था कि पंचायतें उन जमीनों का सिर्फ प्रबंधन और नियंत्रण कर सकती हैं और उन पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकतीं। पीठ ने कहा कि भूमि मालिकों को जमीन वापस भी नहीं की जा सकती क्योंकि जमीन का अधिग्रहण वर्तमान की जरूरतों के साथ ही भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाता है।



अब सुप्रीम कोर्ट ने अपने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा करते हुए कहा कि संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून को अनदेखा करना और उसके विपरीत दृष्टिकोण रखना एक गलती होगी।

### फैसले की समीक्षा

सुप्रीम कोर्ट में अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा की मांग को लेकर याचिका दायर की गई थी। इस याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हमारे विचार से संविधान पीठ के फैसले को नजरअंदाज करने से इसकी मजबूती कमजोर होगी और सिर्फ इस आधार पर फैसले की समीक्षा की अनुमति दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट अब 7 अगस्त को समीक्षा याचिका पर सुनवाई करेगा।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

# 'मोदी ने भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई, रिटायरमेंट का सवाल ही नहीं'

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने लिए नहीं बल्कि गृह मंत्री अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं। पहले तो इस मुद्दे पर अमित शाह ने जवाब दे दिया लेकिन अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी जवाब दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरविंद केजरीवाल के दावे पर कहा कि पीएम मोदी सिर्फ 2024 में ही नहीं बल्कि 2029 में भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। राजनाथ सिंह ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा, "जिस व्यक्ति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई हो, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया में सबसे मजबूत बनाया हो, उस व्यक्ति के हटने का सवाल ही नहीं उठता। मैं बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता होने के नाते इस बारे में स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि वो 2029 में भी भारत के पीएम बनेंगे।"



### और मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

मोदी सरकार की तारीफ करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, "2014 में भारत अर्थव्यवस्था के लिहाज से 11वें नंबर पर था, अब 5वें नंबर पर है। 2027 तक तीसरे नंबर पर होगा। हम महाशक्ति बनना चाहते हैं तो पूरे विश्व कल्याण के लिए किसी को धमकाने के लिए नहीं। हमारे ऋषियों और मनुष्यों ने वसुधैव कुटुम्बकम की बात सारी दुनिया के लिए कही है। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि बीजेपी के लोग अगर सत्ता में आते हैं तो वे संविधान को बादल देंगे और एससी, एसटी और ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण हटा देंगे।। उन्होंने कहा था कि अगर बीजेपी सत्ता में आई तो 2-3 महीने के अंदर योगी आदित्यनाथ को सीएम पद से हटा दिया जाएगा।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5514



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली- 5513 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5525

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5524 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

**खबर संक्षेप**

### चांदी दूसरे दिन भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर, सोना भी टूटा



**नई दिल्ली।** चांदी की कीमत लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड बढ़त के साथ शुक्रवार को स्थानीय बाजार में 89,000 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप सोने की कीमत 150 रुपये गिरकर 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। चांदी की कीमतें 300 रुपये उछलकर 89,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं।

### एलएंडटी को मिला मेडिकल कॉलेज, अस्पताल का ठेका




**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग व निर्माण समूह लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के भवन एवं कारखाना कारोबार को कई ठेके मिले हैं। कंपनी को कोलकाता में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर के निर्माण के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज कोलकाता से ठेका मिला है। इसमें 605 बिस्तर वाला अस्पताल और एक मेडिकल कॉलेज शामिल है।

### स्पिरिट एयरोसिस्टम्स 450 की कर रहा है छंटनी




**वाशिंगटन।** स्पिरिट एयरोसिस्टम्स 450 लोगों की छंटनी कर रहा है। यह बोइंग का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है जो उसके लोकप्रिय 737 मैक्स हवाई जहाजों के लिए ढांचा बनाता है। जनवरी में अलास्का एयरलाइंस द्वारा संचालित एक 737 मैक्स विमान का 'पैनल' हवा में उड़ने के बाद से इसका उत्पादन धीमा हो गया, जिसके बाद कंपनी ने छंटनी शुरू की है।

### एडीबी ने सिक्किम के लिए किया 1053 करोड़ मंजूर



**गंगटोक।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने सिक्किम में बिजली बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए 1,053 करोड़ रुपये के ऋण को मंजूरी दे दी है। सिक्किम के बिजली सचिव टी.टी. लेप्चा ने एक बयान में कहा कि एडीबी की तरफ से दिया जा रहा ऋण राज्य में बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता, गुणवत्ता तथा मजबूत और आधुनिक बनाने में मदद करेगा।

### देवू इंडिया ने पेश किया उन्नत लिथियम इनवर्टर




**नई दिल्ली।** देवू इंडिया ने उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस, पर्यावरण अनुकूल तथा सुरक्षित लिथियम इनवर्टर पेश किया है। लिथियम एक हल्की धातु है। लिथियम बैटरियां आम तौर पर सुरक्षित होती हैं और लगभग 10 साल तक चलती हैं। कंपनी का दावा है कि यह 'मेंटेनेंस फ्री' है और खरीदारों को इसके रखरखाव की चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### जीएसके फार्मा का लाभ 46 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** औषधि कंपनी ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स लि. का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत बढ़कर 194.48 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले साल इसी तिमाही में मुनाफा 133.43 करोड़ रुपये था।वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में परिचालन आय 929.8 करोड़ रुपये रही जबकि 2022-23 की समान अवधि में यह 787.45 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कुल खर्च 691.41 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल इसी तिमाही में 635.54 करोड़ रुपये था।

# विश्व में अल्ट्रा रिच लोगों की संख्या बढ़ी, अदाणी की हुई लिस्ट में वापसी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- अल्ट्रा रिच क्लब में 15 लोग आते हैं

दुनिया में अमीरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इन सुपर रिच अमीरों के क्लब में भी कुछ लोग बेइंतहा रईस हैं। इन्हें अल्ट्रा रिच कैटेगरी में रखा जाता है। इस अल्ट्रा रिच क्लब में भी अब इजाफा हो गया है। अब इसमें 15 लोग आते हैं।

इस ग्रुप में वो अमीर शामिल हैं, जिनकी संपत्ति 100 अरब डॉलर से ज्यादा हो चुकी है। इस ग्रुप में सबसे ऊपर के पायदान पर बैठे हैं, एलवीएमएच के फाउंडर एवं सीईओ बर्नार्ड अर्नोल्ट। दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन चुके बर्नार्ड अर्नोल्ट की दौलत इस समय लगभग 222 अरब डॉलर हो चुकी है।

## अल्ट्रा रिच वे जिनकी संपति 100 अरब डॉलर से ज्यादा हो चुकी है

### अल्ट्रा रिच लोगों की नेट वर्थ लगभग 2.2 ट्रिलियन डॉलर हुई

सुपर रिच लोगों की दौलत में इजाफा आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, लग्जरी गुड्स और जिओपॉलिटिकल परिस्थितियों की वजह से हुआ है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, इन अल्ट्रा रिच लोगों की नेट वर्थ इस साल 13 फीसदी बढ़कर लगभग 2.2 ट्रिलियन डॉलर हो चुकी है। दुनिया के 500 सबसे ज्यादा अमीर लोगों की दौलत का एक चौथाई हिस्सा इन 15 अल्ट्रा रिच लोगों के पास है।



### सभी 15 सुपर रिच की दौलत 100 अरब डॉलर से ज्यादा

पहली बार इन सभी 15 सुपर रिच लोगों की दौलत 100 अरब डॉलर से ज्यादा है। लॉरेयाल की फ्रांसुआ बेटनकोर्ट मायर्स , डेल टेक्नोलॉजीस के फाउंडर माइकल डेल और मेक्सिको के अरबपति कार्लोस स्लिम भी इस लिस्ट में शामिल हुए हैं। पिछले कुछ महीनों में कई बार यह लोग 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर चुके हैं। फ्रांसुआ बेटनकोर्ट मायर्स 100 अरब डॉलर के आंकड़े पर पहुंचने वाली पहली महिला दिसंबर में बनी थीं। वह इस इंडेक्स में 101 अरब डॉलर की दौलत के साथ 14वें नंबर पर बैठी हुई हैं।

### अदाणी ने फिर से जगह बनाई

अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस 208 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहे हैं। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 187 अरब डॉलर की दौलत के साथ तीसरे पायदान पर रहे हैं।

हालांकि, उनकी दौलत में इस साल 40 अरब डॉलर की कमी आई है। इसके साथ ही वह दुनिया के सबसे अमीर आदमी होने का तमगा भी गंवा चुके हैं। दिग्गज भारतीय कारोबारी गौतम अदाणी ने 100 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ इस लिस्ट में दोबारा से एंट्री मारी है। लिस्ट में मुकेश अंबानी भी शामिल हैं।

## सीसीआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत : सीतारमण

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है। सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मंत्री ने उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- मंत्री ने उत्पाद निर्माण व अधिक परिष्करण पर दिया जोर
- वैश्विक मूल्य श्रृंखला में विनिर्माण की हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए

सीतारमण ने कहा, 'मैं कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा दी गई इस सलाह के विपरीत कुछ रेखांकित करना चाहती हूं कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए... । मैं इस तथ्य पर जोर देना चाहती हूं कि विनिर्माण में वृद्धि होनी चाहिए। भारत को नीतियों की मदद से वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी (विनिर्माण) हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए।'



### वृद्धि मॉडल अब दोहराया नहीं जा सकता

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित कुछ अर्थशास्त्रियों ने राय व्यक्त की है कि भारत को विनिर्माण के बजाय सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि उसने वह अवसर गंवा दिया है। उनका कहना है कि चीन के विनिर्माण-आधारित वृद्धि मॉडल को अब और दोहराया नहीं जा सकता।

### चीन पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी

'कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट' की मई में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यूरोप और अमेरिका में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निवेश स्थलों की सूची में भारत शीर्ष पर है, जो चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और अपनी विनिर्माण क्षमता का कुछ हिस्सा उभरते बाजारों में स्थानांतरित करना चाहते हैं।

### निवेश बढ़ाने की योजना

सर्वेक्षण में शामिल करीब 760 अधिकारियों में से 65 प्रतिशत ने कहा कि वे भारत में उल्लेखनीय रूप से निवेश बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह अपने आप में हमारे भारतीय उद्योग को काफी बड़ा दायरा प्रदान करता है। पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में भी बदलाव ला रही हैं।'

### दुनिया के 50 फीसदी सेवा क्षेत्र पर भारत का कब्जा

सेवा क्षेत्र पर उन्होंने कहा कि दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) पर भारत का कब्जा है और यह महत्वपूर्ण घरेलू तथा वैश्विक अवसर उत्पन्न करने वाला सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। भारत में जीसीसी की संख्या इस समय 1,580 से अधिक हो गई है।

### निजी क्षेत्र की एक बड़ी भूमिका होगी

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार भारत की वृद्धि में निजी क्षेत्र को एक भागीदार के रूप में देखती है। उन्होंने कहा, 'हम निजी क्षेत्र की एक बहुत बड़ी भूमिका देखते हैं। हम वृद्धि में उनके साथ साझेदारी करना चाहेंगे। सरकार एक सुविधाप्रदाता व समर्थक के रूप में काम करेगी।'

### देश में बिकने वाले 99 फीसदी मोबाइल भारत में निर्मित

सीतारमण ने कहा कि 2014 में 78 प्रतिशत आयात से निर्भरता तक, आज भारत में बिकने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल भारत में निर्मित हैं। सीतारमण ने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत पिछले साल 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के साथ चीन के बाहर आईफोन के लिए एप्पल का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बन गया।

# सरकार ईवी नीति के तहत निवेश के लिए विस्तृत दिशानिर्देश लाएगी



- मंत्रालय पिछले महीने परामर्श का पहला दौर आयोजित कर चुका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति के तहत निवेश की संभावनाएं तलाश रही कंपनियों के लिए विस्तृत दिशानिर्देशों पर काम कर रही है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि संबंधित पक्षों के साथ परामर्श का दूसरा दौर जल्द शुरू होने की उम्मीद है। भारी उद्योग मंत्रालय पिछले महीने ही परामर्श का पहला दौर आयोजित कर चुका है।

अधिकारी ने बताया कि दिशानिर्देशों में आवेदन, पोर्टल लिंक और परियोजना निगरानी एजेंसी (पीएमए) के बारे में जानकारी शामिल होगी। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत में वाहन कंपनियां जरूरी निवेश के लिए प्रतिबद्ध होकर प्रोत्साहन हासिल करने के लिए ईवी नीति के तहत आवेदन कर सकती हैं।

### 15 मार्च को नई नीति मंजूर की गई थी

सरकार ने 15 मार्च को एक इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी दी थी, जिसके तहत देश में न्यूनतम 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को शुल्क रियायतें दी जाएंगी। इस कदम का मकसद अमेरिका स्थित टेस्ला जैसी प्रमुख वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना है।


अधिकारी ने कहा, ''वे नई नीति के तहत एक निश्चित संख्या में ईवी के लिए आयात लाइसेंस का आवेदन कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें निवेश के लिए प्रतिबद्धता जतानी होगी।'' भारत में पहले से मौजूद कंपनियों को ईवी नीति के तहत आवेदन करने के लिए नई सहायक कंपनी को पंजीकृत करने की जरूरत नहीं है।

# टेस्ला 'चुप', अभी तक अपनी भारत की योजनाओं के बारे में नहीं बताया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला 'चुप' है और उसने अभी तक नई ईवी नीति के तहत अपनी भारत की योजनाओं के बारे में सरकार को नहीं बताया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अमेरिकी अरबपति कारोबारी एलन मस्क 21-22 अप्रैल को भारत का दौरा करने वाले थे। हालांकि, उन्होंने 'भारी टेस्ला दायित्वों' का हवाला देते हुए आखिरी समय में अपनी यात्रा स्थगित कर दी थी। इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला के सीईओ मस्क यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने वाले थे। यह पूछने पर कि क्या कंपनी ने अपनी योजनाओं के बारे में सरकार को बताया है, अधिकारी ने कहा, ''वे (टेस्ला) बस चुप हैं... (ईवी) नीति हमेशा सभी के लिए थी। अधिकारी ने कहा कि वाणिज्यिक फैसलों की घोषणा कंपनियां करती हैं। इस संबंध में टेस्ला को ई-मेल से भेजे गए सवालों का कोई जवाब नहीं आया। इससे पहले अप्रैल में, उन्होंने




- एक अधिकारी ने दी जानकारी
- नई ईवी नीति के बारे में कुछ नहीं बताया

### मस्क ने मोदी से अमेरिका में की थी मुलाकात

पिछले साल जून में, मस्क ने मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी और कहा था कि उन्होंने 2024 में भारत का दौरा करने की योजना बनाई है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी भारत यात्रा की पुष्टि करते हुए लिखा था, 'भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात के लिए उत्सुक हूं।'

# इस्पात आयात पर कड़ी नजर रखी जा रही: सेल चेयरमैन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी इस्पात कंपनी सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने शुक्रवार को कहा कि इस जिंस के आयात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रकाश ने इलेक्ट्रिक वाहनों, बैटरी, इस्पात, सौर सेल और एल्यूमीनियम जैसी विभिन्न चीनी वस्तुओं पर अमेरिका के भारी शुल्क लगाने के प्रभाव पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

दिल्ली में इस्पात मंत्रालय द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यशाला के मौके पर प्रकाश ने कहा, 'हम आयात पर कड़ी नजर रख रहे हैं।' हाल ही में टाटा स्टील के सीईओ टी वी नरेंद्रन ने भी कहा था कि




- आयात पर कड़ी नजर रखी जा रही
- भारत का इस्पात आयात 38 फीसदी बढ़ा

इस्पात के आयात को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का इस्पात आयात 38 प्रतिशत बढ़कर 83.19 करोड़ टन हो गया। इसके साथ ही देश इस्पात का शुद्ध आयातक बन गया।

### चीन से बढ़ते आयात पर चिंता

इस्पात विनिर्माता कुछ देशों, मुख्य रूप से चीन से बढ़ते आयात पर चिंता जता रहे हैं और इस मुद्दे पर सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। घरेलू कंपनियां कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की समीक्षा की मांग भी कर रही हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार में लगा तड़का




**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 मई को समाप्त सप्ताह में 2.56 अरब डॉलर बढ़कर 644.15 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। इसके पहले लगातार तीन सप्ताह इसमें गिरावट आई थी। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 10 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गयी।

# सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

एजेंसी ⏭ मुंबई


मिल जुले वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी जैसी दिग्गज कंपनियों में खरीदारी आने से शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 62 अंक की तेजी रही।



- महिंद्रा, रिलायंस व आईटीसी में रही खरीदारी

कारोबारियों ने कहा कि अंतिम दौर की खरीदारी आने से बाजार शुरुआती निचले स्तर से उबरने में सफल रहा। लेकिन विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से तेजी पर थोड़ा विराम लग गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 253.31 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 73,917.03 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 62.25 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 22,466.10 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) में सर्वाधिक 5.97 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके बाद जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्रा सीमेंट, कोटक बैंक, आईटीसी और एनटीपीसी का स्थान रहा।

## विक्रम सोलर को मिली गुजरात में परियोजना



**नई दिल्ली।** विक्रम सोलर को गुजरात में एनटीपीसी की खावड़ा परियोजना के लिए 397.7 मेगावाट सौर मॉड्यूल आपूर्ति का ठेका मिला है। कंपनी के एक बयान में कहा गया कि विक्रम सोलर ने एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड से 397.7 मेगावाट मॉड्यूल आपूर्ति का ठेका हासिल किया है। मॉड्यूल गुजरात में 1,255 मेगावाट खावड़ा सौर परियोजना के एक महत्वपूर्ण हिस्से को बिजली देंगे। बयान में कहा गया कि यह परियोजना घरेलू सामग्री आवश्यकता (डीसीआर) के साथ पूरी तरह से मेल खाती है और भारत की घरेलू सौर विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कंपनी के समर्पण को और मजबूत करती है। विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ज्ञानेश चौधरी ने कहा, 'एनटीपीसी के लिए कई सौर परियोजनाओं के हमारे सफल निष्पादन ने एक गहरा विश्वास उत्पन्न किया है, जो उत्कृष्टता के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है।'

# एनएसई, बीएसई का आज विशेष कारोबारी सत्र

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बीएसई शनिवार को शेयर और इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र आयोजित करेंगे। बाजार में किसी व्यवधान का मुकाबला करने की तैयारियों का परीक्षण करने के लिए यह कारोबारी सत्र आयोजित किया जा रहा है। विशेष कारोबारी सत्र में प्राथमिक साइट (पीआर) से आपदा बहाली (डीआर) साइट पर कारोबारी के दौरान जाया जाएगा। दो सत्र होंगे - पहला पीआर से सुबह सवा नौ बजे से सुबह 10 बजे तक, और दूसरा डीआर साइट से सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक। विशेष सत्र के दौरान सभी प्रतिभूतियों, जिन पर वायदा-विकल्प उत्पाद उपलब्ध हैं, का अधिकतम मूल्य दायरा पांच प्रतिशत होगा। शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में कहा, ''एक्सचेंज शनिवार, 18 मई, 2024 को शेयर और इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में प्राथमिक साइट से आपदा बहाली साइट पर कारोबार के दौरान 'स्विच' करने के लिए एक विशेष 'लाइव' कारोबारी सत्र आयोजित करेगा।''

# सुयश हॉस्पिटल में 2 महीने की बच्ची के पेट से निकाला गया स्क्रू



**रायपुर।** सुयश हॉस्पिटल में एक 2 महीने की बच्ची का सफल ऑपरेशन हुआ। दरअसल, बच्ची ने गलती से एक पेनेट्रेटिंग स्क्रू को निगल लिया था। जिसे उसकी मां ने देखा और तुरंत चिकित्सा के लिए बाल चिकित्सक के पास ले गए। एक्स-रे में पता चला कि स्क्रू पेट में है। इसके बाद बच्ची को सुयश अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जहां गहन इलाज के बाद बच्ची के पेट से स्क्रू को रेट टूथ फोर्सेप्स का उपयोग करके सफलतापूर्वक निकाला गया। इस प्रक्रिया में डॉ. मनोज लाहोटी, डॉ. अमित जोशी, डॉ. अभिषेक चंदेल, डॉ. अंकुर मरकाम, एंडोस्कोपी तकनीशियन रामनारायण, नरेंद्र, पूजा, चंचल, और प्रीति शामिल थे।

# रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल का ऑर्गन डोनेशन पर राष्ट्रीय सम्मेलन आज

**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल और एपीआई छत्तीसगढ़ चेप्टर संयुक्त रूप से मिलकर जीआई गेस्ट्रोइन्टेरोलॉजिस्ट और लीवर अंगदान पर जन-जागरूकता को लेकर 18-19 मई को दो दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन राजधानी रायपुर के होटल बेबीलॉन केपिटल में आयोजित करने जा रही हैं। इसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा से करीब 500 विशेषज्ञ डॉक्टर्स हिस्सा ले रहे हैं। इस सम्मेलन में जाने-माने विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे और संबंधित विषयों पर व्याख्यान देंगे। साथ हीं आधुनिक तकनीकों पर चर्चा कर एक-दूसरे से जानकारी साझा करेंगे।

इस सम्मेलन के बारे में रामकृष्ण केयर अस्पताल के डॉ. संदीप दवे, डॉ. संदीप पांडे, डॉ. अब्बास नकवी, डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर, डॉ. ललित निहाल एवं डॉ. अजीत मिश्रा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह सम्मेलन ऑर्गन डोनेशन पर फोकस है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि मध्यभारत के चिकित्सकों व आम लोगों के मध्य जन-जागरूकता को लेकर मील का पत्थर साबित होगा।



गौरतलब है कि रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल समय-समय पर जन-जागरूकता के लिए इस प्रकार के सम्मेलन करते रहते हैं। प्रदेश में भी अब एडवांस एंडोस्कोपी और लीवर प्रत्यारोपण जैसी आधुनिकत्तम सुविधाएं उपलब्ध है। पथरी पित्त नली का इलाज व आमाशय से होने वाले रक्त-स्त्राव से संबंधित संपूर्ण इलाज भी अब एडवांस एंडोस्कोपी से संभव है। मोटापे को कम करने के लिए अब बगैर ऑपरेशन एंडोस्कोपी से पेट को छोटा किया जा सकता है। फैटी लीवर के जमाव को किसी भी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि आगे जाकर यह लीवर कैंसर का रूप ले सकता है। इसलिए समय रहते पूरा इलाज करायें। इन्हीं सब विषयों को लेकर दो दिवसीय सम्मेलन में विस्तृत चर्चा होगी।




# ये हैं 10 सबसे कमजोर पासवर्ड और पिन, एक सेकेंड में ही हो जाते हैं ब्रेक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पासवर्ड का इस्तेमाल हम मोबाइल से लेकर सोशल मीडिया अकाउंट और बैंक अकाउंट तक के लिए करते हैं। आसानी के लिए हम एक ही पासवर्ड का इस्तेमाल कई अकाउंट्स के लिए करते हैं और यहीं हम सबसे बड़ी गलती हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो ऐसा करके हम हैकर्स को न्योता देते हैं। इसी कारण हैकर्स के राह आसान हो जाते हैं और हम खुद ही उनके शिकार बन बैठते हैं। अब सबसे आम या यूं कहें तो सबसे कमजोर 10 पासवर्ड और पिन की लिस्ट जारी हुई है जिनका इस्तेमाल हमें नहीं करना चाहिए, आइए जानते हैं।

**तुरंत बंद करें इनका इस्तेमाल**

### भारत में इस्तेमाल होने वाले 10 सबसे कॉमन 4 डिजिट पिन और पासवर्ड

1234
1111
0000
1212
7777
1004
2000
4444
2222
6969



### ऐसे बनाएं मजबूत पासवर्ड

- पासवर्ड में नाम, जन्म तारीख, गाड़ी का नंबर और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल ना करें।
- एक ही पासवर्ड का इस्तेमाल कई सारे अकाउंट के लिए ना करें।
- पासवर्ड में स्पेशल कैरेक्टर का इस्तेमाल जरूर करें।
- पासवर्ड के अलावा टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन का भी इस्तेमाल करें।
- मैनुअल पासवर्ड की जगह गूगल पासकीज का इस्तेमाल कर सकते हैं।



### 10 सबसे खास और यूनिक पासवर्ड और पिन

8557
8438
9539
7063
6827
0859
6793
0738
6835
8093



### सिक्योरिटी एजेंसी ने जारी की लिस्ट

साइबर सिक्योरिटी एजेंसी चेक पॉइंट सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें इन कमजोर पासवर्ड और पिन की जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली तिमाही में साइबर अटैक के मामलों में साल-दर-साल 33% का इजाफा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 10 ऐसे आम (कॉमन) पासवर्ड हैं, जिन्हें महज कुछ सेकेंड में ही तोड़ा जा सकता है। यदि आप भी कॉमन या कमजोर पासवर्ड इस्तेमाल करते हैं, तो इन्हें तुरंत बदल लीजिए। '1234' या '0000' जैसे कॉमन पिन और पासवर्ड को आसानी से तोड़ा जा सकता है। कई बार लोग पासवर्ड में अपने नाम या मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करते हैं जो पूरी तरह से गलता है। ऐसा नहीं करना चाहिए।

# हिन्दू हैवन, द फ़ेस ऑफ मदर इंडिया जैसी कई किताबें हैं भारत में बैन

*नई दिल्ली। दुनियाभर में पढ़ाई करना अच्छा ही माना जाता है, जिससे तरह-तरह का नॉलेज मिलता है। कई लोग किताबें पढ़ने के बेहद शौक़ीन होते हैं, लेकिन क्या आप उन किताबों के बारे में जानते हैं जिन्हें हमारे देश की सरकार ने बैन कर दिया है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि इन किताबों को पढ़ना तो दूर यदि आपने रखा भी तो आपको जेल तक की सज़ा हो सकती है। चलिए आज कुछ उन्हीं किताबों के बारे में जानते हैं।*

### ये किताबें हैं भारत में बैन

*द फ़ेस ऑफ मदर इंडिया- इस किताब के सब्जेक्ट की बात करें तो भारत में जब सेल्फ रूल यानी स्वशासन की मांग उठ रही थी, तब कैथरीन मेयो ने इस किताब को लिखा था। इसमें कैथरीन ने भारत की संस्कृति, और यहां के पुरुषों के कमजोर होने की बात की थी. इस किताब के मदर इंडिया नाम को सुन कई लोग कंफ्यूज हो जाते हैं। इस किताब को बैन करने का कारण भारत को ब्रिटिश नजरिये से बताना था। जिसमें भारत को स्वशासन करने के योग्य नहीं बताया गया था। इस किताब को बैन तो किया ही गया है साथ ही इसके भारत में आयात पर भी पाबंदी है।*

### हिन्दू हैवन

अमेरिकी मिशनरीज़ के काम पर आधारित इस किताब को मैक्स वाइली ने लिखा है। इसमें बताया गया है कि वो भारत में किस तरह काम कर रहे थे और उस समय भारत किन चीजों से जूझ रहा था। जब ये किताब छपी उस समय के लोगों को लगा कि इसमें बहुत बढ़ा चढ़ाकर बताया गया है। इसलिए इसे बैन करने के साथ इसके इम्पोर्ट पर भी पाबंदी लगी हुई है।



### अनआर्म्ड विक्ट्री

वैसे तो ये किताब क्यूबा के मिसाइल क्राइसिस के बारे में है, लेकिन इसमें भारत-चीन युद्ध के बारे में भी बताया गया है। इस किताब को लिखने वाले बरट्रंड भारत के रुख़ को लेकर बहुत क्रिटिकल दिखे. ऐसे में इस किताब के रिलीज़ होते ही इसे बैठ कर दिया गया था।

### अंगारे

इस किताब में उर्दू में छोटी-छोटी 9 कहानियां लिखी गई हैं। हालांकि मुस्लिम समाज में फैली कट्टरता और पितृसत्ता को बताती ये किताब उन्हें पसंद नहीं आई. ख़ासकर उत्तर भारत के मुसलमानों को. ऐसे में इस किताब को बैन कर दिया गया। पुलिस ने 5 कॉपियों को छोड़कर इसकी सभी कॉपियां जला दी थीं।

### द टरूं फुरकान

इस किताब में क़ुरआन की सीखों को क्रिश्चियनिटी से मिला जुलाकर लिखा गया था। ऐसे आरोप लगाए गए कि ये मुस्लिमों का मज़ाक उड़ाने के लिए लिखी गई है। साथ ही आरोप ये भी लगे कि उन्हें अपने धर्म के रास्ते से हटाकर उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए ये किताब प्रोत्साहित करती है। ये किताब भारत में इम्पोर्ट करके भी नहीं लाई जा सकती। कस्टम विभाग भी अपनी साइट पर ये साफ-साफ लिख चुका है।

**अब एक्सडॉटकॉम पर ही खुलेगा सोशल मीडिया प्लेटफार्म**

# फाइनली बदल ही गया ट्विटर का डोमेन नेम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आज सुबह तक ट्विटर डॉट कॉम खुल रहा था, मगर दोपहर बाद यह अपने आप एक्सडॉटकॉमहो गया। इस तरह 2022 में एलन मस्क ने खरीदे गए सोशल मीडिया प्लेटफार्म को पूरी तरह बदल डाला है। बहुत सारे फीचर तो पहले ही बदल गए थे, एक डोमेन का नाम ही बचा था, उसे भी अब बदल दिया गया है। कंपनी के मालिक एलन मस्क ने खुद इस बारे में लोगों को जानकारी दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अब सभी कोर सिस्टम एक्स.कॉमपर हैं। एक और जानकारी ये है कि एक्स के लॉगिन पेज के नीचे अब एक मैसेज भी दिखाई दे रहा है जिसमें लिखा है, 'हम आपको बता रहे हैं कि हम अपना URL बदल रहे हैं, लेकिन आपकी प्राइवेसी और डेटा प्रोटेक्शन सेटिंग्स वही रहेंगी।' गौरतलब है कि एलन मस्क ने अक्टूबर 2022 में माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर को खरीदा था। उन्होंने इसे खरीदने के लिए 44 बिलियन डॉलर दिए थे। एलन मस्क ने जैसे कि ट्विटर को टेकओवर किया, उसी समय से प्लेटफार्म में काफी बदलाव किए जा चुके हैं।

### कौन-कौन से बदलाव हुए

पहले ब्लू टिक फ्री में मिलता था, मगर एलन मस्क ने उसे पेड कर दिया। यदि आप लैपटॉप या कंप्यूटर यूजर हैं तो ब्लू सब्सक्रिप्शन 650 रुपये महीने में मिलेगा। मोबाइल के लिए सब्सक्रिप्शन चार्ज 900 रुपये है। पहले बिना की सब्सक्रिप्शन के यूजर ट्वीट को एडिट कर सकते थे, मगर अब नहीं कर सकते। पोस्ट की कैरेक्टर लिमिट पहले 280 थी, जिसे बढ़ाकर 25,000 कर दिया गया है। मतलब अब आप इस पर लेख भी लिख सकते हैं। अब पोस्ट पढ़ने की लिमिट भी लगा दी गई है। एक सामान्य यूजर एक दिन में केवल एक हजार पोस्ट ही देख सकता है। पेड सब्सक्रिप्शन लेने वाले एक दिन में 10 हजार पोस्ट पढ़ सकते हैं।




## डार्क पैलेस डांस क्लब करवा रहा खास एग्रीमेंट, खूब हो रही तारीफ

**बीजिंग।** चीन में डार्क पैलेस नाम का एक डांस क्लब है, जो अपने यहां आने वाले पुरुषों से एग्रीमेंट पर साइन करवा रहा है कि वे अंदर किसी मेहमान के साथ गलत हरकत नहीं करेंगे। हिदायत दी जा रही कि महिलाओं के साथ ठीक से पेश आएं, जो लोग साइन नहीं करते, उन्हें अंदर प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। दरअसल, इस क्लब में कुछ महिलाओं को दुव्यर्वहार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से क्लब ने ये फैसला लिया है। चीन के सोशल मीडिया वीवो पर इस कदम की खूब तारीफ हो रही है। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, यह क्लब दक्षिणपूर्वी चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में है। यहां रोजाना मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पहले यहां किसी के आने भी छूट थी।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com